卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 347 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦29 सितम्बर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## द्रोणागिरी ट्रैक पर गए केरल के पर्यटक की मौत

चमोली(उद संवाददाता)। द्रोणागिरी ट्रैक पर गए केरल के पर्यटक की तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। द्रोणागिरी गांव से शव को हेलिकॉप्टर से ज्योतिर्मठ पहुंचाया गया। यहां शव का पोस्टमार्टम किया गया। चार पर्यटकों का दल 22 सितंबर को द्रोणागिरी के बागणी ग्लेशियर की ट्रैकिंग पर गया था। ट्रैकिंग से लौटते समय अमल मोहन (35) निवासी पूवाथिकल हाउस इडडुकी केरल की मौत हो गई।



अमल के साथ ट्रैकिंग पर गए विष्णु नायर निवासी अम्वाडी इराविचरा नाडुविल सूरानाड साउथ जिला कोरम केरल ने बताया, उन्होंने 22 सितंबर को ट्रैकिंग शुरू की। उनके साथ हिरेन कुमार कुमार और उमंग अरविंद भाई दोनों निवासी नवसारी गुजरात भी शामिल थे। 23 सितंबर को वे द्रोणागिरी पहुंचे। 24 को बागणी बेस कैंप पहुंचे और अगले दिन 25 सितंबर को अरुड में बेस कैंप किया। अगले दिन शाम को बागणी बेस कैंप वापस आने पर अमल मोहन की तबीयत बिगड़ने लगी। उसे सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। वह चलने में भी असमर्थ हो गया था। 27 सितंबर को सुबह तीन बजे मौत हो गई। ग्रामीणों को इसकी सूचना दी गई, जिसके बाद एसडीआरएफ ने शव को द्रोणागिरी गांव तक पहुंचाया। वहां से शव को हेलिकॉप्टर से ज्योतिर्मठ लाया गया। ज्योतिर्मठ थाना प्रभारी राकेश भट्ट ने बताया, पर्यटक की शुक्रवार को मौत हो गई थी।

## मसूरी घूमने आए पर्यटकों की कार खाई में गिरी, पांच घायल

मसूरी। मसूरी में देर रात सड़क हादसा हो गया। मुजफ्फरनगर से आए युवकों की कार हाथीपांव के पास खाई में गिर गई। कार के खाई में गिरते ही चीख पुकार मच गई। इस दौरान पांच लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, आकाश ,अमन, शशांक व करण मुजफ्फरनगर से मसूरी घूमने आए थे। हाथीपांव रोड पर रात में अचानक उनकी कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। थाना मोबाइल व फायर सर्विस तुरंत मौके पर गई। टीम ने चारों को युवकों को खाई से निकाला। उन्हें हल्की चोट आई थी। वहीं, पांचवां ड्राइवर(शेष पेज सात पर)



## ऋषिकेश में निकाली स्वाभिमान महारैली

ऋषिकेश(उद संवाददाता)। मूल निवास, भू-कानून समन्वय संघर्ष समिति की ओर से आज ऋषिकेश में स्वाभिमान महारैली निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में समिति के सदस्य एकत्रित हुए। इस दौरान सरकार से मूल निवास, भू-कानून की मांग की। साथ ही प्रदेश में बढ़ते नशे के अपराध को दूर करने की भी मांग की। महारैली आईडीपीएल से त्रिवेणीघाट तक निकाली गई। समिति संयोजक मोहित डिमरी ने कहा कि समिति लंबे समय से प्रदेश में सशक्त भू-कानून और मूल निवास की मांग कर रही है। सशक्त भू-कानून नहीं होने से उत्तराखंड की शांत वादियां अपराध का अड्डा बन गई हैं। प्रदेश में ड्रग्स माफिया,



भू-माफिया, खनन माफिया गोरखधंधे कर रहे हैं। इसलिए उत्तराखंड में भी हिमालयी राज्य हिमाचल प्रदेश की तर्ज पर सशक्त भू-कानून लागू करने की जरूरत है। इसके अलावा प्रदेश में 1950 मूल निवासी लागू होना चाहिए। साथ ही समयसमय(शेष पेज सात पर)

## हेलमेट पहनाकर एसएसपी ने किया लोगों को जागरूक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने आज यातायात के प्रति लोगों को जगरूक करने के लिए स्वयं सड़क पर उतरकर अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने बिना हेलमेट लगाये जा रहे दोपहिया वाहन चालकों को रोककर उन्हें हेलमेट पहनाया और भविष्य में वाहन चलाने के दौरान अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने को कहा। डीडी चौक पर एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के तहत जन जागरुकता अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर एसएसपी ने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने को कहा। इस मौके पर एएसपी निहारिका



तोमर, सीओ सितारगंज बीएस चौहान, यातायात निरीक्षक(शेष पेज सात पर)



बड़े दु:ख के साथ सूचित करना है कि मेरे पूज्यनीय पति श्री राजेन्द्र कालड़ा जी का स्वर्गवास दिनांक 18 सितम्बर को हो गया है
उनकी आत्मिक शांति के लिए
रस्म पगड़ी दिनांक 30 सितम्बर दिन सोमवार समय दोपहर 11 बजे से 1 बजे तक किच्छा-आजाद नगर रोड स्थित सुन्दर बाग पैलेस में सम्पन्न होगी
शोकाकुल परिवार
योगेश-विजय अरोरा(बहन-बहनोई) श्रीमति कंचन कालड़ा(पत्नी)
मोनिका-पंकज ग्रोवर(पुत्री-दामाद) अमित कालड़ा'विक्की'-सोनिया (पुत्र-पुत्रवधु)
कनिका-भारत भूषण चुघ'सोनू'(पुत्री-दामाद)
प्रीति-गौरव तागरा(पुत्री-दामाद) हिमांशु कालड़ा-रीमा (भतीजा-पुत्रवधु)
शिखा-प्रिंस भाटिया(भतीजी-दामाद) राहुल कालड़ा(भतीजा)
नेहा-विशाल गुम्बर(भतीजी-दामाद) माही कालड़ा(पौत्री)
स्वाति-अजय अनेजा(भतीजी-दामाद) अभिनव कालड़ा,रेयांश कालड़ा(पौत्र)
एवं समस्त कालड़ा व चुघ परिवार

## जिला जज ने चलाया सफाई अभियान

### रोडवेज व जिला जजी आवासीय परिसर खेड़ा में अधिवक्ताओं के साथ की सफाई

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय नैनीताल के आदेश और उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर 19 सितंबर से 2 अक्तूबर तक, स्वच्छता ही सेवा कैंपेन-2024 के तहत जिला ऊधम सिंह नगर में स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम सक्रिय रूप से आयोजित किया जा रहा है। जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधम सिंह के अध्यक्ष जिला जज ऊधम सिंह नगर सिकंद कुमार त्यागी के नेतृत्व में रूद्रपुर बस अड्डा व जिला जजी आवासीय परिसर खेड़ा में न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों, पैनल अधिवक्ता व पीएलवी द्वारा नगर निगम के सहयोग से सफाई अभियान चलाया गया। जिसमे जिला जज सिकन्द कुमार त्यागी, प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश आशुतोष कुमार मिश्रा, अपर सत्र न्यायाधीश मुकेश




आर्य, अपर सत्र न्यायाधीश संगीता आर्य, सीजेएम अनिता गुंजियाल, प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधम सिंह नगर (शेष पेज सात पर)

## व्यापारी उत्पीड़न के खिलाफ कल हल्द्वानी बंद का ऐलान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।व्यापारी उत्पीड़न के खिलाफ कल हल्द्वानी बंद की घोषणा की गई है। सँयुक्त व्यापार संघर्ष समिति द्वारा प्रेस वार्ता में बताया गया कि कल 30 सितंबर को हल्द्वानी बाजार की बंद की घोषणा की गयी। समिति के सदस्यों में हेम चंद्र बलुटिया, बलविंदर सिंह, अनिल गुप्ता, अशोक गुप्ता ने बताया जिला प्रशासन लगातार व्यापारियों का शोषण कर रहा है। पीड़ित व्यापारियों को दबाव में लेकर दुकानें तोड़ने का प्रयास कर रहा है। आज व्यापारियों के सम्मान का प्रश्न है। व्यापारी समाज अतिक्रमण या सड़क चौड़ीकरण का विरोधी नहीं है। लेकिन जिला प्रशासन सभी व्यापारियों को बैठाकर सर्वसम्मति बनाने के बजाय दबाव में लेकर अलग अलग व्यापारियों से वार्ता कर दबाव की राजनीति पर उतारू है। जबकि पीड़ित व्यापारी 9 मीटर तक सड़क चौड़ीकरण करने और जिनकी दुकाने उसके बाद भी नहीं बच रही है उनके लिए तोड़ने से पूर्व अन्यत्र विस्तापित करने की मांग करता आ रहा है। लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं की



जा रही है। इसके विरोध में हल्द्वानी बाजार बंद की घोषणा की है। जिसको विभिन्न संगठनों के द्वारा अपना समर्थन दिया गया है।

# बीडी रतूड़ी के निधन पर सीएम धामी ने दी श्रद्धाजलि

## मुख्यमंत्री धामी सहित यूकेडी नेताओं व विभिन्न राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि, वर्ष 2007 से 2012 तक वे राज्यमंत्री के पद पर भी कार्यरत रहे

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड क्रांति दल के पूर्व अध्यक्ष और संरक्षक बीडी रतूड़ी का निधन हो गया है। विगत लंबे समय से वे अस्वस्थ चल रहे थे तथा उनका हिमालयन अस्पताल जौलीग्रांट से इलाज चल रहा था। वे अपने मधुर स्वभाव व सांगठनिक कार्य कुशलता के लिए जाने जाते थे। वे अपने पीछे अपनी धर्मपत्नी, दो बेटे, बहुएं व दो पोते व दो पोतियां छोड़ गये। उनके निधन से उत्तराखंड क्रांति दल परिवार में गहरा शोक व्याप्त है।उन्होंने अपने आवास पर अंतिम सांस ली। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने गत दिवस धरमपुर, देहरादून में पूर्व राज्यमंत्री, यूकेडी नेता एवं राज्य आंदोलनकारी स्व. श्री बी.डी. रतूड़ी जी के आवास पर पहुंचकर उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिजनों से भेंट कर अपनी गहरी संवेदनाएं भी व्यक्त की इसके साथ ही उनके निधन पर विभिन्न राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों ने दुख जताया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व राज्यमंत्री और उत्तराखंड क्रांति दल के पूर्व अध्यक्ष, संरक्षक बीडी रतूड़ी के निधन पर दु:ख व्यक्त किया। उन्होंने दिवंगत आत्म की शांति और शोकाकुल परिजनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है। क्षेत्रीय जन भावनाओं के जोरदार पक्षधर रहे बी डी रतूड़ी 2007 से 2012 तक राज्य मंत्री के रूप में भागीरथी घाटी नदी प्राधिकरण के उपाध्यक्ष रहे। इसके अलावा सरकारी नौकरी से सेवानिवृत होने के बाद वह तुरंत उत्तराखंड क्रांति दल से जुड़ गए सबसे पहले उन्होंने जिला अध्यक्ष देहरादून के पद पर क्रांति दल को सेवा दी। उनके निधन पर दल के वरिष्ठ नेता काशी सिंह ऐरी दिवाकर भट्ट, पूरन सिंह कठैत त्रिवेंद्र सिंह पवार दिनेश भट्ट सुशील उनियाल भुवन जोशी इंद्र सिंह मनराल जिलाध्यक्ष राकेश चौहान आनंद सिंह असगोला, समेत उत्तराखंड क्रांति की सभी कार्यकर्ताओं ने दुख व्यक्त किया है। वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व राज्यमंत्री एवं उत्तराखंड क्रांति दल के पूर्व अध्यक्ष व संरक्षक बी. डी. रतूड़ी के निधन पर दु:ख व्यक्त किया। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है। उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी ने राज्य आंदोलन के प्रमुख नेतृत्वकारियों में से एक, उक्रांद के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष बी डी रतूड़ी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उपपा के केंद्रीय अध्यक्ष पी सी तिवारी ने कहा कि स्व बी डी रतूड़ी जी एक प्रतिबद्ध राज्य आंदोलनकारी, राज्य आंदोलन के अगुवा, हमने उत्तराखंड के एक अनुभवी नेतृत्वकारी साथी को खो दिया है जिनकी कमी हमेशा रहेगी। उन्होंने अपना राजनीतिक जीवन उत्तराखंड क्रांति दल के



शालीन व दृढ़ निश्चयी व्यक्तित्व के धनी रहे। एक अधिवक्ता के रूप में भी वे हमेशा पीड़ित लोगों की मदद के लिए तैयार रहते थे। बी सी खंडूरी जी की सरकार में वे भागीरथी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष भी रहे। उपपा ने उनके निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनकी मृत्यु से जिलाध्यक्ष देहरादून के पद से प्रारंभ किया तथा स्वर्गीय इन्द्रमणि बडोनी व डा0 डी डी पंत स्वर्गीय विपिन त्रिपाठी के साथ कंध से कंधा मिलाकर कर उत्तराखंड राज्य का विगुल बजाया तथा लगातार संघर्ष कर अंततोगत्वा राज्य की प्राप्ति की। उत्तराखंड राज्य के इतिहास में उनका योगदान हमेशा याद किया जायेगा। जिला देहरादून के अध्यक्ष के पद से केन्द्रीय अध्यक्ष के पद तक उन्होंने सभी पदों पर कार्य किया। वर्ष 2007 से 2012 तक वे राज्यमंत्री के रूप में भगीरथी नदी घाटी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष के पद पर भी कार्यरत रहे।कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने यूकेडी के वरिष्ठ नेता दिवंगत बीडी रतूड़ी को भावभनी श्रद्धाजलि अर्पित करते हुए शोक संवेदना व्यक्त की है। पूर्व सीएम हरदा ने कहा कि श्री बी.डी. रतूड़ी ने विनम्र, शालीन, पर्वतीय व्यक्तित्व, मगर विचारों से ध्रुपद परिवर्तन वादी, यूकेडी के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में मुझे अपनी पार्टी के उनके साथ रिश्तों को आगे बढ़ाने की चाहत ने कई बार बातचीत करने का सौभाग्य मिला। सचमुच एक चलते-फिरते राजनीतिक धरोहर थे श्री बी. डी. रतूड़ी। एक-एक कर पृथक राज्य, पर्वतीय राज्य फिर उत्तराखंड राज्य शब्द के उद्घोषक, इतिहास के विशाल ग्रंथ का हिस्सा बनते जा रहे श्री त्रेपन सिंह नेगी, श्री प्रताप सिंह नेगी, श्री नरेंद्र सिंह बिष्ट, श्री इंद्रमणि बड़ोनी, श्री गोविंद सिंह महरा, श्री देवी दत्त छिमवाल, श्रीमती सुमनलता भदोला, श्री कुंवर सिंह मनराल, फिर उक्रांद का सिलसिला, इंद्रमणि बड़ोनी पार्ट-2, जसवंत सिंह बिष्ट, पूरन सिंह डंगवाल, बिपिन चंद्र त्रिपाठी, यह बड़ी श्रृंखला है राज्य के इन क्रांतिवीरों की, कुछ आज भी हमारे मध्य हैं उनके दीर्घ जीवन की मैं कामना करता हूं। मेरे दिल में चाहत है इतिहास के इस संस्करण जिसमें श्री डी.डी. पंत से पहले का कांग्रेस संस्करण और डी.डी. पंत के बाद का उक्रांद संस्करण के नायकों पर कुछ लिखूं। भगवान शक्ति दें। एतद् मैं, कामरेड बी.डी. रतूड़ी को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। उनके भाई श्री आर.पी. रतूड़ी सहित उनके समस्त कुटुंबीजनों तक अपनी शोक संवेदना प्रेषित करता हूं। भगवान दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति के केंद्रीय मुख्य संरक्षक धीरेंद्र प्रताप ने उत्तराखंड आंदोलन के जाने-माने चेहरे और उत्तराखंड क्रांति दल के पूर्व अध्यक्ष बीडी रतूड़ी के निधन पर गहरा दुख और शोक व्यक्त किया है। उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलन में बीडी रतूड़ी की भूमिका को हमेश याद कियरजायेगा।

# बड़े बकाएदारों पर शिकंजा कसने की तैयारी

## राजस्व परिषद अध्यक्ष आनंद बर्द्धन ने राज्य के दस बड़े बकायेदारों से वसूली के निर्देश दिए

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रदेश सरकार राज्य में बकाएदारों पर शिकंजा कसने जा रही है। राजस्व परिषद अध्यक्ष



श्री आनंद बर्द्धन ने निर्देश दिए हैं कि राज्य के दस बड़े बकायेदारों से वसूली के लिए जिलाधिकारी/ उपजिलाधिकारी अपने स्तर से प्रभावी कार्रवाई करें। राजस्व परिषद अध्यक्ष ने आज शनिवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से दोनों मंडल आयुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ विभागीय कार्यकलापों के संबंध में समीक्षा बैठक की। समस्त जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए कि मुख्य देयों और विविध देयों की निर्धारित समय सीमा के भीतर शत प्रतिशत वसूली की जाए। जिन जनपदों में वसूली मानक के अनुरूप नहीं हो पाई है, वहां विशेष अभियान चलाकर वसूली कराई जाए। समीक्षा के दौरान अधीनस्थ राजस्व न्यायालयों में लंबित राजस्व वादों के त्वरित निस्तारण के लिए निर्देश दिए गए। कहा गया कि जिन राजस्व न्यायालयों में तीन से पांच वर्ष से अधिक समय से जो वाद लंबित हैं, उन्हें जल्द से जल्द निस्तारित करें। साथ ही विरासती एवं भू राजस्व अधिनियम के तहत धारा 34 के अविवादित मामलों को अभियान चलाकर निस्तारित करना सुनिश्चित करें।बैठक में जिलाधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए कि जनपदों एवं तहसीलों में स्थित राजस्व अभिलेखागारों में निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि अभिलेख समय सीमा के भीतर अपडेट हो रहे हैं या नहीं, साथ ही भू अभिलेखों को सुरक्षित रूप से संरक्षित किया गया है या नहीं। इसके अलावा गांवों में चल रही चकबंदी एवं सर्वेक्षण प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए भी कहा गया। इसके अलावा सेवानिवृत्त कार्मिकों के लंबित पेंशन प्रकरण, कार्मिकों की भर्ती हेतु अधियाचन प्रेषण, सेवा का अधिकार के अंतर्गत अधिसूचित सेवाओं को निश्चित समय सीमा के भीतर कराए जाने, ऑडिट आपत्तियों का निस्तारण एवं मुख्यमंत्री की घोषणाओं के क्रियान्वयन की कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारियों से कहा गया।बैठक में राजस्व परिषद के आयुक्त एवं सचिव श्री चंद्रेश यादव, सदस्य न्यायिक राजस्व परिषद श्री राजीव रौतेला, सचिव राजस्व श्री एसएन पांडेय, अपर सचिव राजस्व श्री आनंद श्रीवास्तव, स्टाफ ऑफिसर, उप राजस्व आयुक्त, सहायक राजस्व आयुक्त एवं बोर्ड के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# पुलिस टीमों ने सत्यापन अभियान चलाकर किया 81 लोगों का चालान

गदरपुर(उद संवाददाता)। ऊधम सिंह नगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर रविवार सुबह गदरपुर पुलिस द्वारा ठंडा नाला क्षेत्र में सत्यापन अभियान चलाया गया। बता दें कि पुलिस प्रशासन द्वारा समय समय पर बाहरी क्षेत्र से किराये पर बसे लोगो का सत्यापन कराया जाता रहा है उसी क्रम में रविवार सुबह पुलिस द्वारा 4 टीमें बनाकर ठंडा नाला क्षेत्र में जगह जगह सत्यापन अभियान चलाया गया जिसमें किरायदार, कर्मचारी, बाहरी



व्यक्ति, फड़ व ठेली वालो के विरुद्ध सत्यापन की कार्यवाही की गई। इस दौरान थानाध्यक्ष जसबीर सिंह चौहान द्वारा बताया गया कि सत्यापन 81 लोगो का पुलिस एक्ट में चालान किया गया व करीब 170 व्यक्तियो के सत्यापन की कार्यवाही की गई।

# गदरपुर के कांग्रेसी नेता ने ले ली भाजपा की ऑनलाईन सदस्यता

## स्क्रीनशॉट हुआ वायरल, चर्चाओं का बाजार गर्म

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर में चर्चाओं का बाजार गर्म तब हो गया जब एक कांग्रेसी नेता की भाजपा ऑनलाइन सदस्यता ग्रहण करने का स्क्रीन शॉट वायरल होने लगा। लोग अचंभे में पड़ गए जब निकाय चुनाव में बड़े पद पर चुनाव लड़ने के लिए कांग्रेसी नेता टिकिट की मांग कर रहा है उसी बीच उसकी सदस्यता भाजपा में ऑनलाइन हो जाने से अब कांग्रेस का एक विकेट और गिर गया है।ऐसे ही कुछ समय पूर्व भी कांग्रेस का एक ऐसा चेहरा जिसे लोग पालिका के अध्यक्ष के रूप में देख रहे थे तो अचानक ही उस चेहरे ने




भाजपा की सदस्यता ग्रहण की तो नगर में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया था लोगो का कहना था कि कांग्रेस में प्रथम स्थान पर खड़ा होने वाला व्यक्ति भाजपा में जाकर भीड़ का हिस्सा बन गया।वैसे तो भाजपा के कार्यकर्ता तो कांग्रेस के विकेट गिरा ही रहे है लेकिन अब तो अलग ही कारनामा देखने को मिल रहा है जिस नेता की ऑनलाइन सदस्या को लेकर चर्चाएं गर्म है उसकी सदस्यता ऐसे इंसान ने करवाई जिसकी खुद की भाजपा की सदस्यता है भी या नही इसका भी नही पता।भाजपा के कुछ लोगो का कहना है नगर के वो व्यक्ति जो भाजपा की सदस्यता अभियान में कांग्रेस का विकेट गिराने में कामयाब हुआ है वो व्यक्ति सिर्फ लोकसभा चुनाव में भाजपा का चुनाव लड़वाता है लेकिन जब विधानसभा चुनाव आता है तो भाजपा के प्रत्याशी के खिलाफ कांग्रेस को चुनाव लड़वाता है वह व्यक्ति बस भाजपा के नाम से अपनी पहचान को बुलंद करते हुए निकाय चुनाव का सपना देख रहा है ।मजे की बात है निकाय चुनाव में आरक्षण आने पर कांग्रेसी नेता को भाजपा सदस्यता दिलाने वाले व्यक्ति और उस व दोनों ही आमने सामने चुनाव लड़ सकते थे।लेकिन अब ऐसा नही है ।सूत्रों के अनुसार भाजपा ऑनलाइन सदस्यता ग्रहण करने वाले कांग्रेसी नेता का वह स्क्रीनशॉट अब एआईसीसी तक पहुँच गया हैऔर अब आरक्षण आने पर कांग्रेस मजबूत और नए चेहरे को तलाश रही है।

मामला संज्ञान में आया है और जानकारी जुटाई तो पता चला कि उनके एक भाजपाई मित्र ने उनके मोबाइल का गलत प्रयोग करके उनकी भाजपा की सदस्यता कराई है लेकिन वह अभी भी कांग्रेस के सच्चे सिपाही हैं ।

**-कांग्रेस नगर अध्यक्ष, सिद्धार्थ भुसरी**

हमारी पार्टी में सदस्य अपनी मर्जी से सदस्यता लेता है जिसका बकायदा एक ओटीपी भी आता है वो ओटीपी मोबाइल में डलने के बाद ही सदस्यता ग्रहण होती है अब अगर उनके ऊपर दबाव बनाया जा रहा होगा तो वह अपना बयान बदल रहे होंगे।

**-भाजपा नगर अध्यक्ष,सुरेश खुराना**

# गणेश पूजन के साथ श्री रामलीला का शुभारंभ

सितारगंज(उद संवाददाता)। श्री रामलीला मंचन का भव्य शुभारंभ हुआ। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा मित्तल, , एवम वशिष्ठ अतिथियों ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। श्री राम की



नेता सुखदेव सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिन्दल, विधायक प्रतिनिधि उमाशंकर दुबे, सुरेश सिंघल,शिव कुमार लीला का शुभारंभ बड़ी धूमधाम के साथ किया गया है। गणेश पूजन के साथ श्री राम एवं माता सीता की आरती की गई। नगर के रामलीला ग्राउंड में रामलीला का शुभारंभ हो चुका है। जिसको लेकर पूरे शहर में उत्साह का माहौल है। रामलीला का मंचन देखने के लिए पहले दिन ही उत्साह के साथ काफी संख्या में राम भक्त रामलीला देखने आए हैं। इस मौके पर राकेश त्यागी, संदीप गुप्ता, रवि रस्तोगी, भीमसेन गर्ग, भगवान सिंह भंडारी, मनजीत ज्ञानी, आदेश चौहान, सतीश उपाध्याय, दीपक गुप्ता, गोपाल सिंह बिष्ट, शीतल सिंगल, बंटी कौशल, नीरू गुप्ता, एमपी तिवारी, संजय गोयल, विमलेश जयसवाल, सुरेश जैन, अमित रस्तोगी, धर्मा देवी, पवन अग्रवाल, पंकज रावत, अनिरुद्ध राय, अभिषेक जैन, रवि रस्तोगी, मनोज अरोड़ा, पवन वडसीवाल आदि लोग मौजूद थे।

# धूमधाम से मनाया सातवां पोषण अभियान

सितारगंज(उद संवाददाता)। बाल विकास परियोजना की तरफ से बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ एवं गोद भराई रस्म, सुपोषण दिवस कार्यक्रम मनाया गया। गोद भराई रस्म अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका एवं सहायिका द्वारा पोषक क्षेत्र के चिन्हित गर्भवती महिलाओं सामग्रिया भेट की गई।शनिवार को बाल परियोजना विभाग द्वारा बिजटी रोड स्थित जोया पैलेस में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान गर्भवती महिला को प्रसव पूर्व जांच व उचित देखभाल एवं पौष्टिक आहार ग्रहण करने की सलाह दी गई तथा रीति रिवाज के तहत उपहार स्वरूप चुंदरी व पोषण पोटली आदि सामान का तोहफा के तौर पर भेंट किया गया। निवर्तमान सभासद रवि रस्तोगी ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा बहुत ही मेहनत की जाती है, बच्चों का पहला स्कूल आंगनबाड़ी ही है। लगातार भाजपा सरकार गर्भावस्था से



ही बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर गंभीर है। सीडीपीओ शोभा जनौटी ने कहा कि गर्भ काल मे सही देखभाल एवं खानपान में पौष्टिक आहार बहुत जरूरी है । इस मौके पर सीडीपीओ शोभा जनौटी, निवर्तमान सभासद रवि रस्तोगी, मजीदन बेगम अंसारी, सुपरवाइजर नेहा गढकोटी, अमरजीत कौर, सुमित्रा राणा, मुज्जसिम प्रेमजी फाउंडेशन के कुलवंत सिंह, शहाबुद्दीन, मोहम्मद हसन, गंगा सनवाल, मीना नगदली, धना बोरा, मुन्नी ओली, यासमीन, गुलनाज, बलविंदर कौर, रेखा, मनजीत कौर, राजपाल आदि मौजूद रहे।

# युवाओं को मतदाता सूची में जोड़ा जाये

रूदपुर(उद संवाददाता)। सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारो, बीएलओ, बीएलओ सुपरवाईजरो की बैठक ली। उन्होने फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत सम्पादित कार्यो का पर्यवेक्षण किया व 18 व 19 आयु पूर्ण कर चुके सभी मतदाताओं को निर्वाचन नामावली में जोड़ने के निर्देश दिये। उन्होने कहा सभी विद्यालयों, डिग्री कॉलेजो, आईटीआई, पॉलिटेक्नीक में जाकर भी 18 वर्ष पूर्ण कर चुके मतदाताओ मतदाता सूची में जोड़ा जाये ताकि अधिक से अधिक अर्ह युवा मतदाता सूची में जुड़ सकें। उन्होने कहा यदि कोई मतदान केन्द्र अथवा मतदेय स्थल में कोई बदलाव करना है तो उनके संशोधन प्रस्ताव मुख्य निर्वाचन अधिकारी को भेजा जाये। सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केन्द्र 63 विधानसभा काशीपुर के नगर निगम कार्यालय मतदेय स्थल 115 व 118, मतदान केन्द्र 64 बाजपुर के राइका हरिपुरा हरसान के 44, 45, 46, मतदेय स्थलों, 65- गदरपुर के सेंटमेरी सिनियर सेकेन्ट्री स्कूल के मतदेय स्थल 125, 127 व 68-सितारगंज विधानसभा के अटल उत्कर्ष राइका रूदपुर के बीएलओ रजिस्टर की जांच एव निरीक्षण किया। उन्होने कहा कि सभी मतदाता डाटा को 10 अक्टूबर से पूर्व पोर्टल पर उपडेट करने के निर्देश दिये। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, संयुक्त मजिस्ट्रेट आशिमा गोयल, उप जिलाधिकारी गौरव चटवाल, अभय प्रताप सिंह, कौस्तुभ मिश्र, रविन्द्र जुआठा, रविन्द्र बिष्ट सहित तहसीलदार, बीएलओ, बीएलओ सुपरवाईजर आदि मौजूद थे।



# सीएम ने किया प्रवासी उत्तराखण्ड प्रकोष्ठ की वेबसाइट का शुभारंभ

## देहरादून में देश के विभिन्न प्रदेशों में रह रहे प्रवासियों को आमंत्रित कर सम्मेलन आयोजित करने के निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को सचिवालय में प्रवासी उत्तराखण्ड प्रकोष्ठ की वेबसाइट www-pravasi uttarakhandi- uk-gov-in का विधिवत शुभारंभ किया। वेबसाइट के माध्यम से प्रवासियों को राज्य सरकार की विभिन्न नीतियों, कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की जानकारी प्रदान की जायेगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 7 नवम्बर 2024 को प्रस्तावित प्रवासी उत्तराखण्ड दिवस के अवसर पर देहरादून में देश के विभिन्न प्रदेशों में रह रहे प्रवासियों को आमंत्रित कर भव्य सम्मेलन आयोजित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि उत्तराखण्ड के प्रवासियों का राज्य के विकास के लिए सहयोग लिया जाए और उनको अपनी मातृभूमि से जुड़ाव के लिए उन्हें हर संभव सहयोग किया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि विदेशों में रह रहे प्रवासी उत्तराखण्डियों को भी आमंत्रित कर राज्य में जल्द एक बड़ा सम्मेलन आयोजित किया जाए। विदेशों में रह रहे सभी प्रवासी उत्तराखण्डियों का डाटाबेस अपडेट रखा जाए। उन्होंने कहा कि विदेश भ्रमणों के दौरान हमारे प्रवासी भाई-बहनों द्वारा जिस तरह भव्य रूप से स्वागत किया जाता है, इससे उनका अपनी पैतृक भूमि से लगाव और अपनी संस्कृति से जुड़ाव स्पष्ट परिलक्षित होता है। इस अवसर पर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, सचिव श्री आर. मीनाक्षी सुंदरम, डा. बी.वी.आर.सी पुरूषोत्तम, श्री दीपेन्द्र चौधरी, श्री एस.एन. पाण्डेय, महानिदेशक सूचना श्री बंशीधर तिवारी, निदेशक आईटीडीए श्रीमती नीतिका खण्डेलवाल, प्रवासी उत्तराखण्ड प्रकोष्ठ के सदस्य श्री सुधीर चन्द्र नौटियाल एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



# 'मन की बात' को ध्यान से सुनते है देश के करोड़ों लोग : मोदी

## भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने कुरैय्या गांव में कार्यकर्ताओं के साथ सुनी मन की बात

किच्छा(उद संवाददाता)। आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात की।मन की बात को आज 10 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं और आज टेलीविजन के माध्यम से 114 वां एपिसोड प्रसारित किया गया। पीएम मोदी ने मन की बात की शुरुआत करते हुए कहा कि यह भावुक पल है कि आज 10 वर्षों से देश के करोड़ों लोग मन की बात को ध्यान से सुनते हैं ।3 अक्टूबर को विजयदशमी के दिन आज से 10 वर्ष पूर्व मन की बात प्रारंभ की थी। भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ ने आज मन की बात किच्छा विधानसभा के मिलक ग्राम सभा के कुरैयया गांव में अमरेश सिंह कामरा के निवास स्थान बूथ संख्या 12 -13 -14 में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर सुनी। उन्होंने कहा की पीएम मोदी ने मन की बात में कहा कि श्रोता ही इसके असली सूत्रधार हैं जो सकारात्मक और प्रेरणादायक बातें सुनना पसंद करते हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से चकोर वर्षा की बूंद पीता है ।इस तरह देश के लोग मन की बात को गर्व से सुनते हैं। लाखों करोड़ों लोगों ने मन की बात को लेकर उन्हें चिट्ठियां भेजी। 10 वर्ष की यह यात्रा कालांतर जारी रहेगी ।उन्होंने कहा कि देश में प्रतिभाओं की कमी नहीं है और देश सेवा का जज्बा भी कूट-कूट कर भरा हुआ है।चुघ ने कहा की पीएम मोदी ने जनता को ईश्वर का रूप दिया है। यह मन की बात हिंदी के अलावा 12 विदेशी भाषाओं में भी सुनी जाती है। पीएम मोदी ने जल संरक्षण और स्वच्छता अभियान पर विशेष बल दिया और कई उदाहरण रखें कि किस प्रकार से झांसी में एक नदी को कई महिलाओं ने जल सहेली बनकर बचाया ।उन्होंने कहा कि नारी शक्ति ने जल शक्ति उत्पन्न की और देश के अन्य हिस्सों में भी महिलाएं जल संरक्षण पर काम कर रही हैं ।उत्तरकाशी गांव का उदाहरण देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि युवाओं ने धन्यवाद प्रकृति अभियान चलाकर गांव की प्रतिदिन 2 घंटे सफाई करते हैं ,ऐसा स्वच्छ अभियान पूरे देश में चलना चाहिए ।उन्होंने कहा कि विकास और विरासत पर हर किसी को गर्व होना चाहिए ।पीएम मोदी ने अपनी अमेरिका यात्रा पर चर्चा करते हुए कहा कि हजारों वर्ष पुरानी धरोहरों को वापस लाया गया ।लगभग 300 कलाकृतियां अमेरिका ने उन्हें सौंपी ,साथ ही पीएम मोदी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान को भी बेहद सफल बताया। चुघ ने कहा की पीएम मोदी का मन की बात कार्यक्रम युवाओं को नई ऊर्जा देता है और युवाओं को पीएम मोदी से प्रेरणा लेकर राष्ट्र हित अभियान में जुड़ जाना चाहिए। इस दौरान जसमीत सिंह, महेंद्र सिंह बंटी, मनजीत सिंह, मनदीप सिंह, वंश भुसरी, मुकेश अंबानी, आकाश ,रोहित कालड़ा ,हरभजन सिंह ,हरमीत सिंह कामरा ,हरजीत सिंह औजला ,रमेश सिंह ,अमरीक सिंह, अरिजीत सिंह ,सिमर सिंह कामरा, राज कोली आदि मौजूद थे।



# यातायात पुलिस ने खोया मोबाईल स्वामी को सौंपा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला मुख्यालय में तैनात यातायात पुलिस कर्मियों ने एक बार फिर अपने बेहतर कार्य को प्रदर्शित करते हुए सड़क पर गिरा मिला मोबाईल उसके स्वामी को सौंप दिया। बताया जाता है कि भूतबंगला निवासी इरफान मियां पुत्र अफसर मियां बाजार में सामान लेने आया था। रास्ते में उसका मोबाईल कही गिर गया। जिसे तलाशने के लिए लगातार प्रयास कर रहा था। इसी दौरान गश्त कर रहे यातायात पुलिस कर्मी राकेश कुमार को वह मोबाईल सड़क पर गिरा हुआ मिल गया। इधर इरफान मोबाइल ढूंढते हुए डीडी चौक पर पहुंचा। जहां मौजूद सीओ सितारगंज बीएस चौहान की मौजूदगी में मोबाइल उसको सौंप दिया गया। इरफान ने पुलिस कर्मियों का आभार व्यक्त किया।



# ठुकराल ने किया एससीआईबी कार्यालय का उद्घाटन






रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने आज सिंह कालोनी गली नम्बर 5 में स्पेशल केस इन्फॉरमेशन ब्यूरो कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि समाज से भ्रष्टाचार समाप्त करने के लिए आम जनता को अपने दायित्वों के प्रति जागरूक होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह संस्था अपने उद्देश्यों में अवश्य सफल होगी। इससे पूर्व संस्था के अधिकारियों द्वारा श्री ठुकराल का आयोजन स्थल पर पहुंचने पर स्वागत किया गया। इस मौके पर स्पेशल केस इन्फॉरमेशन ब्यूरो के राष्ट्रीय अध्यक्ष लक्ष्मी शंकर राजभर, राष्ट्रीय संयोजक डा. कमलेश कनौजिया,संस्थापकसचिन कुमार, इंचार्ज वीरेन्द्र प्रजापति,सुशील चौहान, रामेन्द्र शर्मा, नीरज कुमार, सचिन मुंजाल, इमरान, संदीप सिरोही,अजय नारायण सिंह, प्रीतम शर्मा,ललित बिष्ट मौजूद थे।

# ग्रामों में भ्रमण कर कैंप भी लगाएं तहसीलदार

## डीएम उदयराज सिंह ने दिए राजस्व वादों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में मासिक स्टाफ बैठक लेते हुए राजस्व वादों का त्वरित निस्तारण करने व शत-प्रतिशत राजस्व वसूली के निर्देश अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने अधीनस्थ न्यायालयों में पुराने वादों को प्राथमिकता से तारीखें लगाकर निस्तारण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि खनन, परिवहन, जीएसटी, आबकारी, बैंकों, निगमों आदि की बड़ी आरसी की सूची तहसीलवार तैयार करते हुए वसूली की जाए। उन्होंने तहसीलदारों को 10-10 बड़े बकायादारों की सूची बनाते हुए कड़ाई से वसूली करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने खनन, आबकारी, परिवहन, राज्य कर के अधिकारियों को राजस्व बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने अपर जिलाधिकारी वि/रा. को राजस्व वसूली व राजस्व बढाने की मॉनिटरिंग करने एवं बैठक करने के निर्देश दिए । उन्होंने कहा कि गैर विवादित विरासतन नामांतरण निर्धारित समय में दर्ज करना सुनिश्चित करें इसके लिए उपजिलाधिकारी, तहसीलदार ग्रामों में भ्रमण कर कैंप भी लगाएं। उन्होंने 143 के मामलों 33/39 वादों को भी अनावश्यक न लटकाने व शीघ्रता से निपटाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारियों व तहसीलदारों को भूमि घपलेबाजी, अवैध कब्जों की तहकीकात कर सूची बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए साथ ही जनसांख्यिकीय बदलाव पर पैनी नजर रखने व अवैध कब्जों को हटाने के निर्देश दिए । उन्होंने मजिस्ट्रियल जांचें त्वरित गति से करने के निर्देश दिए साथ ही सेवा का अधिकार, जनसमर्पण पोर्टल, सीएम हेल्पलाइन, विभिन्न प्रमाण पत्रों को समयबद्ध निस्तारित करने के साथ ही राजस्व वसूली की समीक्षा अपने स्तर पर भी करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद में 35 गांव में चल रहे चकबंदी कार्य में गति लाने के साथ ही गांव की चकबंदी डिटेल बनाकर अपर जिलाधिकारी को प्रस्तुत करने के निर्देश चकबंदी अधिकारी को दिए साथ ही अपर जिलाधिकारी को चकबंदी कार्यो की समीक्षा करने के भी निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी अशोक जोशी, पंकज उपाध्याय, उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट, रविन्द्र बिष्ट, राकेश तिवारी, गौरव चटवाल, अभय प्रताप सिंह, कौस्तुभ मिश्र, रविन्द्र जुवांठा, प्रभारी अधिकारी गौरव पांडे, डॉ. अमृता शर्मा, संयुक्त निदेशक अभियोजन डीएस जंगपांगी, डी.जी.सी. नंदन सिंह धामी, मनोज तिवारी, पूर्ति अधिकारी विपिन कुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. प्रकाश चंद फुलारा, चकबंदी अधिकारी सुभाष गुप्ता, एआरटीओ निखिल शर्मा सहित तहसीलदार व संबंधित अधिकारी मौजूद थे।



# गौशाला के विस्तार की दी विस्तृत जानकारियां

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर निगम की स्थाई गौशाला गंगापुर कबडाल में भारत विकास परिषद की भगत सिंह शाखा द्वारा गौसेवा का कार्यक्रम अध्यक्ष गौरव अग्रवाल के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवा पीढ़ी को गौ सेवा एवं अपनी संस्कृति से जुड़ने का संदेश देना था । इसके द्वारा नगर निगम द्वारा सड़को में घूमने वाले गौवंशो को रखने की व्यवस्था को भी दिखाया गया। इस कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी परितोष वर्मा, सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट, अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत लालकुआ राहुल सिंह एवं नगर निगम की टीम एवं भारत विकास परिषद से गौरव अग्रवाल एवं अन्य सदस्य सम्मिलत हुए। इस उपलक्ष्य में उपजिलाधिकारी द्वारा लोगो को गौशाला के बारे में बताया तथा भविष्य में गौशाला के विस्तार संबंधित योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया।



# मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को मिला छह माह का सेवा विस्तार

## मुख्य सचिव ने राज्यपाल से की भेंट ,31 मार्च 2025 तक रहेगा कार्यकाल

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को एक बार फिर छह महीने का सेवा विस्तार मिल गया है। 30 सितंबर को उनका छह महीने का कार्यकाल समाप्त हो जाएगा। सियासी हलकों से लेकर सत्ता के गलियारों में रतूड़ी को फिर सेवा विस्तार देने की चर्चाएं पहले से ही थीं। राधा रतूड़ी के सेवा विस्तार के आदेश जारी कर दिए गए हैं। वहीं राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शनिवार को राजभवन में मुख्य सचिव श्रीमती राध ा रतूड़ी ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्यपाल ने मुख्य सचिव से राज्य के विभिन्न समसामयिक विषयों पर जानकारी प्राप्त की।1988 बैच की आईएएस अधिकारी राधा रतूड़ी अपनी सेवानिवृत्ति से दो माह पूर्व 31 जनवरी



2024 को मुख्य सचिव बनीं थीं। दो महीने का कार्यकाल समाप्त होने के बाद उन्हें प्रदेश सरकार ने छह महीने का सेवा विस्तार दे दिया था। यदि राधा रतूड़ी को सेवा विस्तार नहीं मिलता, तो वरीयता पर अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन राज्य के नए मुख्य सचिव हो सकते थे। उन्हें सेवा विस्तार नहीं मिलने पर वरिष्ठता सूची के हिसाब से अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन उनकी जगह मिलने की भी चर्चा थी, लेकिन सेवा विस्तार मिलने के बाद बर्द्धन सीएस की कुर्सी से अभी दूर हैं।




# अग्रसेन जयंती पर रक्तदान शिविर का किया आयोजन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।महाराजा अग्रसेन युवा समिति द्वारा अग्रसेन जयंती पर आज सुशीला तिवारी अस्पताल में एक ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित किया गया। जिसका उद्घघाटन सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई द्वारा किया गया। उन्होंने रक्तदान के लिए अग्रसेन युवा समिति के कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित किया और कहा इस मौसम में बीमारियां बढ़ती हैं और कई लोगों को खून की आवश्यकता होती है।महाराजा



अग्रसेन युवा समिति के अध्यक्ष विपुल अग्रवाल और महामंत्री कनव अग्रवाल ने बताया कि 60 से अधिक रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। महाराजा अग्रसेन जयंती की उपलक्ष में आयोजित इस रक्तदान शिविर में अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नीरज प्रभात गर्ग, महामंत्री मनोज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, सरिल गोयल, राजेंद्र अग्रवाल मुन्ना तरुण बंसल, विनीत अग्रवाल, बसंत अग्रवाल, अतुल जायसवाल, कपिल अग्रहरि, अंकित अग्रवाल, तुषार मित्तल , शोभित अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, अमित गोयल , अनंत गर्ग, अरुणए पिंटू रमेश केसरवानी आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेसजनों ने मनाई शहीद भगत सिंह की जयंती

रूदपुर(उद संवाददाता)। देश के महान क्रांतिकारी और अमर शहीद, शहीदे आजम भगत सिंह की जयंती यहां कांग्रेसजनों द्वारा उत्साहपूर्वक मनाई गई, कांग्रेस कार्यकर्ता भगत सिंह चौक पर एकत्रित हुए, और उन्होंने देश के अमर शहीद,महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, सरदार भगत सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण प्रतिनिधि और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता साजिद खान, महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली, महानगर कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष देश को मजबूत, सशक्त,और आत्मनिर्भर बनाने की आवश्यकता है । इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव रामाधारी





इस अवसर पर रुद्रपुर भगत सिंह चौक स्थित शहीद भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई, और समस्त कांग्रेसजनो ने उनके बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प लिया । इससे पूर्व उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा के नेतृत्व में तमाम किया, और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की । इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व दर्जा राज्य मंत्री कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश बाबरा, राहुल गांधी ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष फरीद अहमद मंसूरी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और ग्राम सैजना के पूर्व प्रधान विजय यादव, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल शर्मा, पूर्व सांसद संजीव रस्तोगी, आदि ने अपने संबोधन में शहीद उधम सिंह के बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि सरदार भगत सिंह ने देश की आजादी में अपने प्राणों की भी परवाह नहीं की, और हंसते-हंसते उन्होंने अपना बलिदान दे दिया। आज हमें उनके पद चिन्हों पर चलने की आवश्यकता है, और गंगवार, एडवोकेट संजय आईस, निगम पार्षद अबरार अहमद, निगम पार्षद अशफाक अहमद,मनोज कुमार सिंह, पूर्व निगम नामित पार्षद उमर अली सलमानी, सुभाष दिवाकर,दिनेश मौर्य, हरवीर सिंह, इंद्रजीत सिंह, पुदैना साहनी, सतनाम सिंह, सहित सहित बड़ी संख्या में अन्य कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# जयंती पर शहीद क्रांतिकारी भगत सिंह को किया नमन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। शहीद भगत सिंह की जयंती पर तमाम संस्थाओं ने भगत सिंह चौक पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका स्मरण किया और उनके बलिदान को याद दिलाया। शहीद- ए-आजम भगत सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर श्री गुरुद्वारा प्रबंधक समिति,शहीद भगत सिंह सेवादल, एनिमल वेलफेयर, शहीद भगत सिंह सेवा समिति आदि संस्थाओं ने भगत सिंह चौक पहुंचकर उनको नमन किया। भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ ने कहा कि देश की आजादी में शहीद भगत सिंह का बलिदान अतुलनीय है जिस देश कभी भुला नहीं सकता ।उन्होंने कहा कि मात्र 23 वर्ष की उम्र में उन्होंने देश की आजादी के लिए फांसी का फंदा चूम लिया और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मिसाल छोड़ गए कि राष्ट्र का हित सर्वोपरि होता है ।ऐसे में आज की युवा पीढ़ी को शहीद भगत सिंह के आदर्शों से प्रेरणा लेकर उन्हें आत्मसात करना चाहिए। शहीद भगत सिंह सेवादल के अरुण चुघ और गोल मार्केट गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सुरमुख सिंह विर्क ने शहीद भगत सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला और कहा कि शहीद भगत सिंह युवाओं के और पूरे देश के महान बलिदानी रहे हैं उन्होंने अपना पूरा जीवन देश के लिए समर्पित कर दिया उनका बलिदान यह देश कभी नहीं भुला सकता। इस दौरान हरपाल भट्टी, हरप्रीत सिंह, प्रथम बिष्ट, ममता जीना, रेनू जुनेजा ,अनिल रावत, ममता नारंग ,प्रेम तिवारी, अलका , दिव्यांशु गुलाटी, ज्योति ,प्रवेश, प्रदीप, बलजिंदर सिंह, रणजीत सिंह ,नवाब सिंह, फूल सिंह ,हरबंस गुंबर ,गगन सिंह ,सुरेश कुमार, संदीप कुमार, महिपाल सिंह आदि मौजूद थे।



# सरदार भगत सिंह जयंती पर किया रक्तदान

हल्द्वानी । अभ्युदय एक परिवर्तन संस्था द्वारा सरदार भगत सिंह की जयंती के उपलक्ष पर एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन जन मिलन केंद्र रामलीला ग्राउंड शीश महल में किया गया। जिसमें सभी लोगों ने स्थानीय लोगों के साथ बढ चढकर



हिस्सा लिया। रक्तदान शिविर में लगभग 50 लोगों ने रक्तदान कर रक्तदान महादान के विषय को चरित्राथ करा। संस्था के संरक्षक भुवन जोशी एवं अध्यक्ष विनोद तिवारी द्वारा सबका आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में भुवन तिवारी, गोपाल भट्ट, अरुण कुमार, तरुण बजेठा, नीरज तिवारी, गोकुल बोरा, देवेश भट्ट, रंजीत बिष्ट का सहयोग मिला।

# कुमाऊं आयुक्त ने भूमि संबंधित कई मामले सुलझाए

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।कैम्प कार्यालय में कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने शनिवार को जनसुनवाई कर मौके पर शिकायतों का समाधान किया। जन शिकायतों में अधिकांश शिकायतें, भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद , सड़क आदि से सम्बन्धित आईं। कई वर्षों से लम्बित भूमि विवाद की कई समस्याओं का समाधान जनसुनवाई में करने पर लोगों द्वारा आयुक्त का आभार व्यक्त किया। जनसुनवाई में पूर्व विधायक दान सिंह भण्डारी एवं क्षेत्रवासियों द्वारा बताया गया कि भीड़ापानी ज्योसूडा मार्ग जिसकी लम्बाई लगभग 20 किमी है उक्त मार्ग का काफी वर्षो से मरम्मत नही होने के कारण लोगो को आवाजाही में काफी परेशानी हो रही है। जिस पर आयुक्त ने अधिशासी अभियंता लोनिवि को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा अक्टूबर माह में उक्त मार्ग में मरम्मत कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा। कालिका कॉलोनी तल्ला



हल्द्वानी निवासी विमला कन्याल ने बीते जनता दरबार में शिकायत की थी कि अनिल चंद्र सेन निवासी हरिपुरा, बाजपुर द्वारा उनको फर्जी कागजातों पर भूमि विक्रय की गयी। विमला कन्याल ने 67 लाख रुपए की धनराशि दी थी, जिसको अनिल चंद्रसेन ने अक्टूबर माह के अंत में 15 लाख व नवंबर माह के अंत में 15 लाख और बाकी शेष धनराशि को दिसंबर माह के अंत तक वापस करने के लिए कहा।रक्षित चिलबाल को राकेश कुमार निवासी धान मिल, हल्द्वानी ने जमीन खरीदने के लिए 1 लाख 90 हजार का बयान दिया था। अब रक्षित द्वारा न तो जमीन की रजिस्ट्री कराई जा रही है और न ही ब्याना वापस किया जा रहा है। जिसका कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने समाधान करते हुए राकेश कुमार को 50 हजार रुपए तत्काल दिलवाये और शेष धनराशि 15 दिन के भीतर देने वापस लौटने के निर्देश दिए। कुल्यालपुर नवाबी रोड निवासी पूनम देवी ने जनता दरबार में कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत को बताया कि विगत दिनों उनकी दुकान में अज्ञात महिला ड्रग्स का पैकेट छोड़ गई थी, जिसके कारण उसके पति सूरज टम्टा को एंटी नारकोटिक्स टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। जिनका इस मामले में कोई हस्तक्षेप नहीं है। इस संबंध में कुमाऊं आयुक्त ने एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा को मामले की जांच कराने के लिए कहा है।

# शिविर में पूर्व सैनिकों के परिजनों के समस्याओं का किया समाधान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ब्लॉक काशीपुर में पूर्व सैनिकों, वीरनारियों एवं उनके आश्रितों के कल्याणार्थ मासिक शिविर में लगभग 50 से 60 पूर्व सैनिक वीरनारी एवं आश्रितों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल सीपी कोठारी ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी तथा पूर्व



सैनिकों एवं वीरनारियों के परिचय पत्र, पेंशन सम्बन्धी प्रपत्रों की जांच भाग दो आदेश, रिलेशन सर्टिफिकेट एवं गृह पता बदली सम्बन्धी कार्यों का सम्पादन किया गया। इसके अतिरिक्त विभाग द्वारा संचालित कंप्यूटर प्रशिक्षण सेंटर काशीपुर का भी निरीक्षण किया गया। शिविर में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल सीपी कोठारी, महेश चंद्र भट्ट, अजय कुमार गुप्ता, सुदर्शन बोरा, ब्लॉक प्रतिनिधी मौजूद रहे।

# उत्तराखंड को बनायेंगे अपराध और नशा मुक्त प्रदेश: डीजीपी

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले 12 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित





### डीजीपी अभिनव कुमार ने किया पुलिस कंट्रोल रूम का निरीक्षण: महिला उत्पीड़न चोरी, डकैती, लूट ,ठगी और हत्याकांड के मामलों को लेकर कोताही बर्दाश्त नहीं

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। डीजीपी अभिनव कुमार ने शनिवार को प्रेस वार्ता के दौरान प्रदेश में अपराधिक वारदातों मे शामिल बदमाशों की धड़पकड़ के लिए पुलिस के अधिकारियों को सख्त कार्यप्रणाली के साथ कार्यवाही करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस अपने कर्तवयों का पालन कर रही है। अगर कोई अपराधी पुलिस को चुनौती देने का दुस्साहस करेगा तो उसका मुंहतोड़ जवाब भी दिया जायेगा। डीजीपी अभिनव कुमार ने कहा कि बदमाशों से मुठभेड़ के दौरान पुलिस के लिए बड़ी चुनौती भी खड़ी होती है कई बार अपराधियों को पकड़ने के लिए गोली भी चलानी पड़ती है और गोली उसके सीने में लग सकती है पैर में भी लग सकती है, यह कोई भी सुनिश्चित नहीं कर सकता है कि गोली कहां मारी जायेगी। पुलिस को भी गोली लग सकती है लिहाजा अपराधिक मामलों को लेकर गंभीरता का कार्य करने की जरूरत है। डीजीपी ने बताया कि महिला उत्पीड़न, धोखाधड़ी, चोरी, डकैती, लूट, और हत्याकांड के मामलों को लेकर उत्तराखंड पुलिस कोई कोताही नहीं बरतेगी। लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों पर कड़ी कार्यवाही भी की जायेगी। डीजीपी ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सख्त दिश निर्देश पर उत्तराखंड पुलिस अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए तत्परता से कार्य करेगीं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल बनाने के लिए पुलिस गश्त नियमित रूप से की जायेगी। उन्होंने कहा कि यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए भी पुलिस व्यापक कार्ययोजना के साथ काम करेगी। डीजीपी ने कहा कि गंभीर अपराधों पर त्वरित कार्यवाही किए जाने, फरार अपराधियों के विरूद्ध त्वरित कार्यवाही किये जाने हेतु कहा गया। महिला सुरक्षा के सम्बन्धी सवाल के जवाब में कहा गया कि महिलाओं की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है, महिलाओं से सम्बन्धित अपराधों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही की जायेगी। कुमाऊँ भ्रमण के दौरान डीजीपी अभिनव कुमार द्वारा पुलिस लाईन रुद्रपुर में सर्वप्रथम गार्द की सलामी ली गई। तत्पश्चात पुलिस लाईन में क्वार्टर गार्द, आरमरी, जिम और एमटी



शाखा का भ्रमण कर नियमित रूप से साफ सफाई करने हेतु निर्देशित किया गया। जनपद नियंत्रण कक्ष के निरीक्षण के दौरान पुलिस महानिदेशक द्वारा 150 सीसीटीवी कैमरे और पीए सिस्टम का उद्घाटन किया गया। स्थानीय सम्भ्रान्त नागरिकों के साथ जनसंवाद के दौरान नागरिकों ने यातायात व्यवस्था, युवाओ में बढ़ते नशे, महिला सम्बन्धित अपराधों की समस्याओं और सुझावों को प्रस्तुत किया, जिन पर विस्तृत विचार- विमर्श किया गया। पुलिस महानिदेशक ने नागरिकों को सुनते हुए उन्हें आश्वासन दिया कि पुलिस विभाग उनकी समस्याओं के समाधान के लिए गंभीरता से कार्य करेगा। पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियानों को जनता के सहयोग से सफल बनाने के लिए निरन्तर कार्य कर रहे हैं।साथ ही कहा कि उत्तराखण्ड को नशामुक्त बनाना हमारा उद्देश्य है। महोदय द्वारा नशे के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में आम जनता से भी अपना सहयोग करने की अपील की गई तथा यह सुझाव दिया कि नशे में लिप्त बच्चों की काउंसलिंग कर नशे के बढ़ते प्रभाव पर रोक लगाई जा सकती है। जिस पर जनसंवाद कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने करतल ध्वनि से इसका स्वागत कर सहमति व्यक्त की। पुलिस महानिदेशक द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले 12 अधिकारियों/ कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सी0ओ0 सितारगंज श्री बहादुर सिंह चौहान सुदृढ़ कानून व्यवस्था बनाने के संबंध में।चौकी प्रभारी आवास विकास थाना ट्रांजिट कैम्प श्री अरविंद बहुगुणा इंडसड बैंक के 13 करोड़ 51 लाख रुपए वापस लाने में तथा कोतवाली रुद्रपुर से महिला उप निरीक्षक दीपा अधिकारी बाल अपराध पर त्वरित कार्यवाही कर अभियुक्त की गिरफ्तारी कर जेल भेजने में, सीसीटीएनएस से महिला आरक्षी डोली जोशी सीसी टीएनएस ने संबंधी ऑनलाइन कार्यों को बेहतर तरीके से करने में, पी0आर0ओ0 ऑफिस से आरक्षी विक्रांत फरियादियों पीड़ितों को उच्च अधिकारियों से मिलवाने तथा सुनवाई कराने में ,फायर स्टेशन काशीपुर से फायरमैन रश्मि अग्निकांड में सतर्क रहकर अच्छी ड्यूटी करने में, साइबर सेल से महिला आरक्षी पूजा मेहरा एवं ज्योति चौधरी को इंडसड बैंक के 09 करोड़ रुपए वापस दिलाने में, डिजिटल वॉलिंटियर श्री धर्मेंद्र तथा श्री नाजिम को सोशल मीडिया में अफवाह फैलाने वाले लोगों को सही जानकारी सोशल मीडिया में प्रेषित करने के लिए,ट्रैफिक वालंटियर श्री जसप्रीत जसप्रीत एवं श्री संदीप दुर्घटना में घायलों की मदद करने के उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया है। जनसंवाद कार्यक्रम में विधायक किच्छा तिलकराज बेहड़, विधायक रुद्रपुर शिव अरोड़ा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधम सिंह नगर मणिकांत मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रुद्रपुर मनोज कत्याल, पुलिस अधीक्षक काशीपुर अभय सिंह, सहायक पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर सुश्री नीहारिका तोमर के अतिरिक्त जनपद के विभिन्न सम्भ्रांत व्यक्ति व अन्य मौजूद रहे।







# होली चाइल्ड स्कूल में खो खो प्रतियोगिता का समापन

### अण्डर14 आयु वर्ग में परमहंस पब्लिक स्कूल गाजियाबाद,अण्डर 17 आयु वर्ग में देहरादून पब्लिक ग्लोबल स्कूल,अण्डर 19 आयु वर्ग में नोएडा एजुकेशनल एकेडेमी की टीम विजेता

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। होली चाइल्ड स्कूल में चल रहे चार दिवसीय सीबीएसई क्लस्टर-19 खो-खो प्रतियोगिता (बालिका वर्ग) के समापन दिवस के अवसर पर सभी के चेहरे पर विशेष उत्साह एवं जोश दिखाई दिया। इस समापन कार्यक्रम का उद्घाटन अतिविशिष्ट अतिथि नागेन्द्र शर्मा (क्रीड़ा अधिकारी एवं सचिव क्रीड़ा परिषद, कुमाऊँ विश्वविद्यालय- नैनीताल, अध्यक्ष जिला ओलम्पिक एसोसिएसन, ऊधम सिंह नगर,उत्तराखण्ड) तथा विशिष्ट अतिथि राहुल चन्द (निदेशक, द मेडिसिटी हॉस्पिटल, रूद्रपुर) द्वारा किया गया। इस अवसर पर सी.बी.एस.ई. पर्यवेक्षक सोनू कुमार, तकनीकी प्रतिनिधि मुशीर खान, संस्था के संरक्षक योगराज बत्रा, चेयरमैन रोहिताश बत्रा, वाइस चेयरमैन विकास बत्रा, एमडी श्रीमती पूजा बत्रा, विद्यालय के प्रधानाचार्य मिंटू दूबे, उपप्रधानाचार्य एवं उपप्रधानाचार्या प्रदीप कुमार जोशी एवं श्रीमती मंजू अधिकारी, एच.ओ.डी. फिजिकल एजूकेशन व आयोजन के सचिव सुधाकर सिंह तथा समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए जी डी गोयनका स्कूल, डिबडिबा के बच्चों द्वारा रंगबिरंगे छातों व पंखो का प्रयोग करके मनमोहक ड्रिल की प्रस्तुति दी गयी, तत्पश्चात् सर्वसंस्कृति स्कूल, बिलासपुर की छात्राओं ने राजस्थानी लोक नृत्य के माध्यम से वहाँ की लोक संस्कृति की खूबसूरत छटा बिखेरी अन्त में होली चाइल्ड स्कूल की छात्राओं ने 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं' का संदेश देते हुए गीत नृत्य व अभिनय के माध्यम से एक मर्मस्पर्शी कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसने सभी को भाव-विभोर कर दिया। मुख्य अतिथि नागेन्द्र शर्मा ने अपने




सम्बोधन में होली चाइल्ड स्कूल में आयोजित इस चार दिवसीय कल्सटर-19 खो-खो प्रतियोगिता की अद्भुत सफलता पर विद्यालय प्रबन्धन को बधाई दी तथा प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि उन्हें अपनी रूचि के अनुरूप खेलों में प्रतिभाग करना चाहिए जोकि उनके शारीरिक व मानसिक विकास में सहायक होता है। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालयों को बच्चों के मानसिक विकास के साथ-साथ शारीरिक विकास को भी बढ़ावा देने का प्रयास करना चाहिए। प्रतियोगिता के अण्डर14-आयु वर्ग में परमहंस पब्लिक स्कूल, गाजियाबाद विजेता रहा जबकि दिल्ली सिटी स्कूल, बुलन्दशहर प्रथम उपविजेता एवं श्रीमती अंगूरी देवी पब्लिक स्कूल, मथुरा और लाला राधेश्याम एकेडेमी, नगीना की टीम द्वितीय उपविजेता रही। अण्डर-17-आयु वर्ग में देहरादून पब्लिक ग्लोबल स्कूल, गाजियाबाद विजेता रही। कृष्णा विद्या निकेतन, मुरादनगर प्रथम उपविजेता जबकि ग्रीन मिडोज स्कूल, मुरादाबाद और4) होली चाइल्ड स्कूल, बिलासपुर की टीमें द्वितीय उपविजेता रही। अण्डर-19 आयु वर्ग में नोएडा एजुकेशनल एकेडेमी, नोयडा की टीम विजेता रही। पी.जी.एम. इन्टरनेशनल एकेडेमी, मेरठ की टीम प्रथम उपविजेता एवं हिलमैन पब्लिक स्कूल, आगरा और होली पब्लिक स्कूल, आगरा की टीमें द्वितीय उपविजेता रही। इस अवसर पर विद्यालय के वाइस चेयरमैन विकास बत्रा ने सभी गणमान्य अतिथियों को अपना बहुमूल्य समय देने के लिए आभार व्यक्त किया और विजेता प्रतिभागियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य मिन्टू दूबे ने शिक्षक वर्ग व गैर शिक्षक वर्ग को उनकी दिन-रात के अथक परिश्रम द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विशेष रूप से धन्यवाद दिया। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों एवं उनके कोच को हार्दिक बधाई दी।





# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## सड़क किनारे कारोबार

कुछ राजनेता सार्वजनिक बयान देते वक्त शायद ध्यान नहीं रख पाते कि किसी मसले पर उनकी सरकार और पार्टी का क्या रुख है। इसलिए अक्सर वे विवाद के घेरे में आ जाते हैं। हिमाचल प्रदेश के लोक कल्याण मंत्री विक्रमादित्य सिंह का सड़क किनारे कारोबार करने वालों के लिए पहचान प्रदर्शित करने की अनिवार्यता संबंधी बयान भी कुछ ऐसा ही था। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि हिमाचल में भी उत्तर प्रदेश की तर्ज पर सड़क पर कारोबार करने वालों के लिए दुकान के सामने अपना नाम और पहचान लिखना अनिवार्य किया जाएगा। इस बयान पर हिमाचल प्रदेश सरकार सतर्क हुई और उसने अपने मंत्री के बयान का खंडन करते हुए कहा कि सरकार ने ऐसा कोई फैसला नहीं किया है। इस बयान पर विक्रमादित्य सिंह को केंद्रीय नेताओं की नसीहत भी सुननी पड़ी। हालांकि उन्होंने अपने बयान के बारे में सफाई दे दी है, मगर इससे कांग्रेस को असहज होना पड़ा है। कांवड़ यात्रा के समय जब उत्तर प्रदेश सरकार ने आदेश जारी किया था कि यात्रा मार्ग के सभी दुकानदारों को दुकान के सामने अपना नाम लिखना होगा, तब कांग्रेस ने उसका पुरजोर विरोध किया था। आखिरकार सर्वोच्च न्यायालय की फटकार के बाद उत्तर प्रदेश सरकार को वह आदेश वापस लेना पड़ा था।विक्रमादित्य सिंह ने उस प्रकरण से कोई सबक लेना शायद जरूरी नहीं समझा। इसके अलावा उन्होंने वक्त की नजाकत भी नहीं समझी। उनका बयान ऐसे समय में आया, जब हिमाचल प्रदेश के शिमला और मंडी समेत कई जगहों पर मस्जिदों के लिए कथित रूप से अवैध रूप से जमीन कब्जा करने का मुद्दा गरमाया हुआ है। इसी संदर्भ में मांग उठी थी कि बाहर से आने वाले मजदूरों और सड़क किनारे कारोबार करने वालों का पंजीकरण होना चाहिए। इसे लेकर राज्य सरकार ने एक समिति भी गठित की है, जिसके सदस्य विक्रमादित्य सिंह भी हैं।निश्चय ही उनका उत्तर प्रदेश जैसा नियम लागू करने का विचार रहा होगा, जिसे उन्होंने सरकार और समिति के सामने रखने के बजाय सार्वजनिक मंच पर साझा कर दिया। यों भी एक परिपक्व नेता से अपेक्षा की जाती है कि जब तक वह किसी मसले पर अंतिम निर्णय न ले ले और सरकार उसे स्वीकार न कर ले, तब तक उस पर बयानबाजी से बचने का प्रयास करे। दरअसल, सड़क किनारे या बाजारों में दुकान चलाने वालों के पंजीकरण, पहचान प्रदर्शित करने आदि को लेकर कुछ संवैधानिक प्रावधान हैं। जीवन के अधिकार के तहत किसी भी व्यक्ति को देश के किसी भी हिस्से में अपने भरण-पोषण के लिए रोजगार करने का अधिकार है। इसके लिए पहचान प्रदर्शित करने की अनिवार्यता नहीं है। इसलिए यह एक कानूनी मसला भी है। मगर कुछ राज्य सरकारें सुरक्षा कारणों से या फिर खानपान में स्वच्छता आदि के मद्देनजर कुछ प्रावधान करने पर विचार कर रही हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने भी कावड़ियों के खानपान में शुद्धता रखने का ही तर्क दिया था।यह ठीक है कि कई मामलों में प्रवासियों को अपनी पहचान जाहिर करनी पड़ती है, जैसे वाहन चालकों को, पर ऐसे प्रावधान से अगर किसी के धार्मिक पहचान के आधार पर सामाजिक अलगाव झेलने पर मजबूर होने की आशंका हो, सावधानी से निर्णय की जरूरत होती है। अभी हिमाचल प्रदेश में जिस तरह का वातावरण है, उसमें ऐसे किसी भी आदेश से सड़क किनारे कारोबार करने वालों के सामने कठिनाइयां पैदा हो सकती हैं।

# ई कचरा प्रबंधन पर सीपीसीबी का कड़ा पहरा



भारत में ई-कचरा प्रबंधन की तेजी से बढ़ती चुनौती से जुड़े पर्यावरणीय कानूनों को मजबूती प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय हरित अधिकरण प्रतिबद्ध है। हाल ही में पिछले दिनों अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में हरित अधिकरण ने ई-कचरा प्रबंधन रिपोर्टिंग की वर्तमान स्थिति पर गहरा असंतोष व्यक्त किया है। हरित अधिकरण ने अपने पूर्व आदेशों का पालन न करने का दावा करने वाली एक याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक कचरे के उत्पादन और निस्तारण पर एक नई रिपोर्ट दाखिल करने के निर्देश दिये हैं। वहीं ई-कचरा (प्रबंधन) नियमों का पालन न करने वाले राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के खिलाफ की जाने वाली कार्रवाई का भी उल्लेख करने को कहा है। यह पहल ई-कचरे से निपटने की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करती है, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य और पारिस्थितिक अखंडता के लिए एक महत्वपूर्ण पर्यावरणीय मुद्दा है। देश में ई-कचरा प्रबंधन से जुड़े विनियमों को लागू कराने में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की अहम भूमिका है। सीपीसीबी न केवल ई-कचरा (प्रबंधन) नियमों के पालन की निगरानी के साथ-साथ ई-कचरा प्रबंधन और निपटारा संबंधी जागरूकता कार्यक्रमों हेतु भी सक्रिय पहल करने की जिम्मेदारी है। एनजीटी ने सीपीसीबी को यह नई रिपोर्ट तैयार करने और प्रस्घ्तुत करने के लिए 12 दिसंबर तक का वक्घ्त दिया है, जिसमें प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश में ई-कचरे के उत्पादन, उपचार सुविधाओं और मौजूदा अंतराल पर विस्तृत डेटा शामिल होना चाहिए। देश में बढ़ते ई कचरे पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने सात नवंबर, 2022 को निर्देश दिये थे कि ई-कचरे के मामले में सभी राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और प्रदूषण नियंत्रण समितियां, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा जारी रिपोर्ट का पालन करें। लेकिन तमाम जिम्घ्मेदार संस्घ्थाओं द्वारा इन निर्देशों का अनुपालन ठीक तरीके से न करने पर एनजीटी ने असंतोष व्यक्त किया है। ई-कचरा, वैसे तो पर्यावरण के लिए खतरनाक होते हैं वरन् मानव स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता हैं। ई-कचरे के निपटान और तोड़फोड़ से पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। इनसे निकलने वाले द्रव और रसायन पानी, जमीन के अंदर के पानी, मिट्टी और हवा में मिल सकते हैं। इनके जरिये ये जानवरों और फसलों में प्रवेश कर सकते हैं। ऐसी फसलों के इस्तेमाल से मानव शरीर में घातक रसायन पहुंचने का खतरा होता है। इलेक्ट्रॉनिक सामान में लेड, कैडियम, बेरियम, भारी धातु जैसे घातक रसायन होते हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा दिसंबर, 2020 में जारी एक रिपोर्ट बताती है कि 2019-20 में भारत में करीब 10.1 लाख टन इलेक्ट्रॉनिक कचरा पैदा हुआ था। वहीं 2017-18 में यह 25,325 टन और 2018-19 में 78,281 टन था। वहीं 2018 में केवल 3 फीसदी ई-कचरा एकत्र किया था, जबकि 2019 में यह आंकड़ा केवल 10 फीसदी था। मतलब साफ है कि देश में ई कचरे को रि-सायकल करना तो दूर की बात है, इस कचरे की एक बड़ी मात्रा एकत्र ही नहीं किया जा पा रहा है। वहीं एक अन्य रिपोर्ट के आंकडे दर्शाते है कि देश में 2022 के दौरान 413.7 करोड़ किलोग्राम इलेक्ट्रॉनिक कचरा पैदा हुआ था। भारत में अभी तक 178 पंजीकृत ई-वेस्ट पुनर्चक्रणकर्ता (रि-साइक्लर) ही हैं, जिन्हें ई-वेस्ट को संसाधित करने के लिए राज्य सरकारों द्वारा मान्यता दी गई है, लेकिन भारत के ज्यादातर ई-कचरा पुनर्चक्रणकर्ता ई-वेस्ट को पुनर्चक्रण ही नहीं कर पा रहे हैं और कुछ इसे खतरनाक तरीके से संग्रहित कर रहे हैं। इनमें से कई पुनर्चक्रणकर्ताओं के पास ई-कचरा प्रबंधन की क्षमता भी नहीं है। आंकडे बताते है कि खतरनाक ई-कचरे को सुरक्षित रूप से संसाधित करने के लिए नए नियम आने के बावजूद भी लगभग 80 प्रतिशत ई-कचरा (पुराने लैपटॉप और सेल फोन, कैमरा और एयर कंडीशनर, टीवी और एलईडी लैंप) अनौपचारिक सेक्टर द्वारा गलत तरीके से निपटान किया जा रहा है, जिससे प्रदूषण और स्वास्थ्य संबंधी खतरा कई गुना बढ़ने की संभावना है। इतना ही नहीं इससे भूजल और मिट्टी भी प्रदूषित हो रही है। गौरतलब है कि दुनिया भर में प्रतिवर्ष 2 से 5 करोड़ टन ई-कचरा पैदा होता है। जबकि वर्तमान में सिर्फ 12.5 फीसद ई-कचरे का पुनर्चक्रण किया जाता है। मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान में बड़ी मात्रा में सोना या चांदी जैसी कीमती धातुएं होती हैं। अमेरिका में प्रतिवर्ष डंप किए गए मोबाइल फोन में 3.82 अरब रुपये के सोना या चांदी होते हैं। ई-कचरे के पुनर्चक्रण से धातु पाए जा सकते हैं। 10 लाख लैपटॉप के पुनर्चक्रण से अमेरिका के 3657 घरों में प्रयोग होने वाली बिजली जितनी ऊर्जा मिलती है। विश्व भर में ई-कचरे का वार्षिक उत्पादन 2.6 करोड़ टन की दर से बढ़ रहा है, जो 2030 तक 8.2 करोड़ टन तक पहुंच जाएगा। अगले 30 वर्षों में इस बढ़ते वैश्विक ई-कचरे की मात्रा दोगुना बढ़कर 10 करोड़ टन पर पहुंच जाएगी। कई देशों में इलेक्ट्रॉनिक्स की खपत तेजी से बढ़ रही है। यह ज्यादा से ज्यादा गैजेट्स और इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, बढ़ते ई कचरे में भी इजाफा कर रहे हैं। पुनर्चक्रण की कमी वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक उद्योग पर भारी पड़ती है और जैसे-जैसे उपकरण अधिक संख्या में, छोटे और अधिक जटिल होते जाते हैं, समस्या बढ़ती जाती है। वर्तमान में, कुछ प्रकार के ई-कचरे का पुनर्चक्रण और सामग्री और धातुओं को पुनर्प्राप्त करना एक महंगी प्रक्रिया है। हमें इस बढ़ती समस्या के बारे में गंभीरता से सोचना होगा। इससे निपटने के लिए सबसे साथ की आवश्यकता है। राष्ट्रीय प्राधिकरणों, प्रवर्तन एजेंसियां, उपकरण निर्माताओं, इनको पुनर्चक्रण करने में लगे लोगों, शोधकर्ताओं के साथ उपभोक्ताओं को भी इनके प्रबंधन और पुनर्चक्रण में अपना योगदान देने की जरूरत है।

-कुमार सिद्धार्थ

# रोजगार के आकड़ों पर हरदा ने दी बहस की चुनौती

## साल दर साल भू माफिया के हाथों लूटा जा रहा उत्तराखंड : दसौनी

देहरादून(उद संवाददाता)। कांग्रेस ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा रोजगार दर में कमी आने के दावों के साथ ही भू कानून को लेकर दिए बयान पर सवाल उठोय है। शुक्रवार को पूर्व सीएम एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश रावत ने सोशल मीडिया पर उत्तराखंड में रोजगार की स्थिति और आकड़ों को लेकर एक पोस्ट में सरकार के दावों पर बसह की चुनौती दी है। पूर्व सीएम हरदा के अनुसार आज रोजगार को लेकर मुख्यमंत्री जी के बड़े-बड़े दावे पढ़ने को मिले! मुख्यमंत्री जी ने कहा है तो छपेगा। मुख्यमंत्री जी आपके दावे मन को गुदगुदा नहीं रहे हैं बल्कि चिड़ा रहे हैं। रोजगार क्षेत्र के राष्ट्रीय आंकड़े और उत्तराखंड में निरंतर बढ़ते पलायन की चिंताजनक स्थिति कुछ और कहानी कह रही है। कांग्रेस के पास उत्तराखंड में रोजगार के क्षेत्र में बताने के लिए बहुत कुछ है। मैं स्वयं आंकड़े सामने लाता यदि उसके साथ खुद अपनी प्रशंसा जुड़ी हुई नहीं होती। मैं कांग्रेस के नेतागणों और प्रवक्ताओं पर छोड़ता हूं कि वह तुलनात्मक आंकड़ों को सामने रखें। आइए राज्य में हमारे रोजगार, तुम्हारे रोजगार पर एक बहस हो जाए। कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने कहा कि राज्य गठन के बाद सरकारी क्षेत्र में 80% नियुक्तियां कांग्रेस काल में हुई हैं, चाहे वह उपनल या आउटसोर्सिंग के माध्यम से हो। उन्होंने बताया कि 20% शेष पदों में से 7-8% कर्मी उत्तर प्रदेश से आए हैं, जबकि बाकी पद विभिन्न सरकारों द्वारा भरे गए हैं। कांग्रेस ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि मुख्यमंत्री के सलाहकार उन्हें पूर्ववर्ती सरकारों के द्वारा रोजगार के क्षेत्र में किए



गए कार्यों का सही-सही विवरण नहीं दे पा रहे हैं। गरिमा ने कहा कि कांग्रेस ने हरिद्वार से उधम सिंह नगर तक सिडकुल और पिटकुल जैसे औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना की, जिससे लाखों युवाओं को रोजगार मिला। दसौनी ने आगे कहा कि कांग्रेस के समय में 70% स्थानीय युवाओं को नौकरी देने का प्रावधान किया गया था। दसौनी ने भाजपा शासन में बड़े संस्थानों के बंद होने, जैसे आईडीपीएल और एचएमटी, की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन में स्थापित कई लघु उद्योग अब बंद हो चुके हैं, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को बड़ा नुकसान हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने अपने तीन साल के कार्यकाल में 32 हजार सरकारी पदों पर नियुक्तियां की थीं, जबकि भाजपा सरकार में बड़ी वैकेंसी को नजरअंदाज किया जा रहा है। गरिमा ने कहा कि यदि मुख्यमंत्री के दावे सच्चे होते, तो बेरोजगार संघ के युवा आमरण अनशन पर नहीं होते। कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता दसौनी ने सीएम के बयान पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यदि सरकार भू कानून के प्रति संवेदनशील है तो उसे हिमाचल से अधिक कठोर कानून लागू करने चाहिए। दसौनी ने कहा कि हिमाचल तो समय रहते चेत गया। इस वजह से उसके पास अच्छा खासा लैंड बैंक है। लेकिन उत्तराखंड साल दर साल भू माफिया के हाथों लूट रहा है, बड़ी-बड़ी भूमि कब्जाई जा रही है। स्वयं पूर्व डीएम देहरादून द्वारा यह आधिकारिक तौर पर बयान दिया गया की 2016 के मुकाबले नगर निगम देहरादून के पास मात्र 40% भूमि बची है।

# विजिलेंस ने ग्राम विकास अधिकारी को किया गिरफ्तार

## आय से 314 फीसदी अधिक मिली संपत्ति

देहरादून। आय से अधिक संपत्तियां अर्जित करने के मामले में विजिलेंस ने हरिद्वार के लक्सर ब्लॉक के ग्राम विकास अधिकारी को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ चार साल पहले मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच में उसकी संपत्ति ज्ञात स्रोत से अर्जित धन से करीब 314 फीसदी अधिक है। इसमें लग्जरी गाड़ियों से लेकर गाजियाबाद में अलीशान दो मंजिला मकान तक शामिल है। आरोपी को अब शनिवार को स्पेशल विजिलेंस कोर्ट में पेश किया जाएगा। ग्राम विकास अधिकारी के पद पर कार्यरत रामपाल सिंह की तन्ख्वाह करीब एक लाख रुपये है। वह मर्सिडीज से चलता है और हरिद्वार से लेकर गाजियाबाद तक उसकी संपत्तियां हैं। अब यह ग्राम विकास अधिकारी विजिलेंस की हवालात में बंद है। विजिलेंस ने चार सालों तक जब जांच की तो टीम भी भौचक्की रह गई। एसएसपी विजिलेंस धीरेंद्र कुमार गुंज्याल ने बताया कि आरोपी रामपाल के खिलाफ वर्ष 2020 में देहरादून सेक्टर में मुकदमा दर्ज किया गया था। उसकी एक जनवरी 2007 से लेकर 31 दिसंबर 2018 तक की आय और खर्च का हिसाब किया गया। पता चला कि उसने इस अवधि में वैध स्रोत से करीब डेढ़ करोड़ रुपये कमाए हैं। जबकि, खर्च इससे कहीं ज्यादा 6.23 करोड़ रुपये किए हैं। यह उसकी आय से लगभग 4.72 करोड़ रुपये यानी लगभग 314 फीसदी अधिक है। रामपाल सिंह निवासी कनखल, हरिद्वार को इस खर्च और आय से संबंधित पूछताछ के लिए बुलाया गया था। लेकिन, इसके बारे में वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर उसके खिलाफ अभियोजन चलाने की अनुमति शासन पहले दे चुका था। ऐसे में उसे विजिलेंस कार्यालय से ही गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को शनिवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा। पत्नी के नाम पर संपत्तियां में हरिद्वार में सात भूखंड गाजियाबाद में एक दो मंजिला मकान और प्लॉट बुलंदशहर में एक भूखंड एक मर्सिडीज कार कीमत करीब 50 लाख ,एक कार कीमत 24 लाख रुपये तीन दोपहिया वाहन शामिल है।







रूद्रपुर में स्वच्छता अभियान के तहत न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं के साथ सफाई अभियान चलाते जिला जज

# पंतनगर किताब कौतिक में आएंगे देशभर से लेखक और संस्कृतिकर्मी

पंतनगर(उद संवाददाता)। जनरल बिपिन रावत पर्वतीय विकास शोध शिक्षणालय और क्रिएटिव उत्तराखंड द्वारा 8-9-10 नवंबर 2024 को आयोजित होने जा रहे ष्पंतनगर किताब कौतिकष् की तैयारियों के सम्बन्ध में पहली बैठक पंतनगर विश्वविद्यालय के सी आर सी सभागार में हुई, जिसमें विश्वविद्यालय के शिक्षक, छात्र छात्राओं के साथ हल्द्वानी, रुद्रपुर, लालकुआं, बिन्दुखत्ता और नजदीकी क्षेत्रों के साहित्यप्रेमी, सामाजिक कार्यकर्ता और शिक्षाविद शामिल हुए।पंतनगर विश्वविद्यालय के डीन छात्र कल्याण डॉ. आनंद सिंह जीना ने सभी आगंतुकों को बताया कि कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान के नेतृत्व में किताब कौतिक की तैयारियां शुरु हो चुकी हैं। कार्यक्रम को वेटनरी कॉलेज के निकट ष्रतन सिंह हॉलष् में आयोजित करने पर सहमति बनी। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के विद्यार्थी आयोजन समिति में शामिल होकर सक्रिय सहयोग करेंगे। इस बार किताब कौतिक की थीम ष्पर्वतीय कृषि से उत्तराखंड में समृद्धिष् रखा गया है।क्रिएटिव उत्तराखंड के हेम पंत और दयाल पांडे ने बताया कि राज्य के कई ऐतिहासिक और दूरस्थ कस्बों में सफल आयोजन के बाद किताब कौतिक अभियान को पहली बार पंतनगर विश्वविद्यालय में आयोजित करने का मौका मिल रहा है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण यहां पर विभिन्न विषयों पर केंद्रित 80 हजार किताबों का समृद्ध साहित्य होगा। इसके अतिरिक्त खगोल विज्ञान, हस्तशिल्प, स्वरोजगार से जुड़े लोगों के स्टॉल, नेचर वॉक और विज्ञान कोना भी लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेंगे। इस आयोजन में शामिल होने के लिए देशभर से प्रसिद्ध लेखक, पत्रकार, संस्कृतिकर्मी और सामाजिक कार्यकर्ता पंतनगर पहुंचेंगे। राज्य के विभिन्न इलाकों में खेती, पशुपालन, बागवानी के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे लोगों को भी आमंत्रित किया जा रहा है। पर्वतीय कृषि पर विशेष वार्ता सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिसमें किसानों के बीच विचारों का आदान प्रदान होगा।इस बैठक में प्रो. सलिल तिवारी, डॉ. बी. एस. कालाकोटी, डॉ. ललित उप्रेती, दिनेश पंत, उमेश भट्ट, बसंत पांडे, प्रकाश, त्रिभुवन बिष्ट, नवनीत, संस्कृति आदि सहित 4 दर्जन लोग शामिल हुए।



# मीना शर्मा ने विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर सुनी जनसमस्यायें

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने शनिवार को रेशम कॉलोनी,दूधियानगर और खेड़ा आदि क्षेत्रों का भ्रमण कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने निवर्तमान निगम पार्षद अशफाक अहमद और अन्य वरिष्ठ कांग्रेस जनों के साथ रेशम कॉलोनी,खेड़ा और दूधिया नगर आदि क्षेत्रों का भ्रमण किया। और जन समस्याएं सुनी। इस दौरान श्रीमती शर्मा ने कहा कि निवर्तमान निगम पार्षद अशफाक अहमद ने पिछले दो वर्षों के अपने अल्प कार्यकाल में क्षेत्र में ऐतिहासिक विकास कार्य किए हैं। विधवाओं की पेंशन,जरूरतमंदों के राशन कार्ड,और अन्य समस्याओं का उन्होंने त्वरित समाधान किया है, और उन्हें उम्मीद है कि आगे भी वह अपने नेतृत्व में इसी तरह हर जाति धर्म और वर्ग के लोगों के साथ मिलकर क्षेत्र के विकास में अग्रणीय भूमिका निभाते रहेंगे। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा के साथ पूर्व नामित पार्षद उमर अली सलमानी, सुभाष दिवाकर, विजय हरबोला, महेश, राजपाल, सुधीर शर्मा, पिंटू,जुबैदा, रेशमा, और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल शर्मा आदि थे।



# शुक्राना समागम में संगत को किया निहाल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गुरुद्वारा श्री दु:ख निवारण साहिब में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की हजूरी में शनिवार रात शुक्राना समागम के साथ धार्मिक दीवान सजाया गया। साथ ही देर रात गुरुद्वारे के मुख्य ग्रंथी कमलजीत सिंह द्वारा अरदास के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस मौके पर धन धन श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की बख्शीशो और समूह साध सँगत के आशीर्वाद का सदका बाहर से आए रागी जत्थों का और स. परविंदर सिंह भाटिया एवं समूह अमृत रस कीर्तन कौंसिल की तरफ से शुकराना समागम मनाया गया। जिसमें भाई गुरविंदर सिंह रुद्रपुर वाले, भाई भूपिंदर सिंह फिरोजपुर वाले, भाई मंगत सिंह दरबार साहिब अमृतसर वाले, भाई जसविंदर सिंह जगाधरी वाले, भाई कमलजीत सिंह हल्द्वानी वाले इलाही बाणी का अमृतमइँ कीर्तन द्वारा साध सँगत को अपनी वाणी से निहाल किया। कीर्तन के बाद समुह साद संगत में गुरु का अटूट लंगर बरताया गया। इस मौके पर गुरुद्वारा श्री दुख निवारण साहिब के मुख्य सेवादार रणजीत सिंह नागपाल, सचिव हरविंदर सिंह कुकरेजा, उपाध्यक्ष फतेह सिंह, मीडिया प्रभारी दलजीत सिंह दल्ली, कुलवन सिंह नागपाल, परमजीत सिंह पम्मा, इंद्रजीत सिंह ट्विंकल, राजेंद्र गुलाटी, अवतार सिंह, एडवोकेट जोगिंदर सिंह, दलजीत सिंह चड्ढा, परविंदर सिंह, राजा नागपाल, तीरथ सिंह, पवनप्रीत सिंह, गुरुमीत सिंह, संदीप सुखीजा आदि धर्म प्रेमी साध संगत महिला पुरुष सभी मौजूद रहे। मुख्य सेवादार सरदार रणजीत सिंह नागपाल द्वारा गुरुद्वारे में मौजूद साध संगत का धन्यवाद के साथ शुक्राना अदा किया।



# युवा साहू समाज के आशीष अध्यक्ष व अजय महामंत्री बने

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।साहू समाज जन कल्याण समिति की आम सभा में साहू धर्मशाला इंद्रानगर में अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू व युवा साहू समाज चुनाव पर्यवेक्षक कमल साहू के नेतृत्व में आयोजित हुई। जिसमे सर्व सम्मति से युवा साहू समाज के चुनाव के लिए सुखनंदन साहू, अशोक कुमार साहू, नरेश साहू, प्रेम साहू, महेश कुमार साहू को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया। चुनाव अधिकारियों की सहमति से युवा समाज के अध्यक्ष पद पर आशीष साहू पुत्र स्व. अशोक साहू तथा महामंत्री पद हेतु अजय साहू मोदी पुत्र लाल चंद्र साहू को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। ओम प्रकाश साहू ने आम सहमति से संरक्षक साहू समाज पद पर सुखनंदन साहू को मनोनीत किया तथा साहू समाज की सलाहकार समिति की घोषणा की। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। सभा में महामंत्री रामबाबू साहू, कोषाध्यक्ष बृजेश साहू, उपाध्यक्ष गुलाब साहू, पन्नालाल साहू, मुकेश साहू, सोनू लाल साहू तथा युवा साथियों में सुशील साहू, अजय साहू, दीपक साहू, राजेश राठौर, सुमित साहू, संतोष साहू, शुभ मुहूर्त साहू, आदि साहू समाज के कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत महाविद्यालय में की सफाई

रानीखेत (उद संवाददाता)। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया।यह कार्यक्रम महाविद्यालय की एनसीसी प्रकोष्ठ एवं एनएसएस प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में संपन्न कराया गया। विशेष रूप से विज्ञान संकाय भवन के चारों ओर स्वयंसेवियों एवं एनसीसी कैडेट्स द्वारा सफाई की गई। स्वयं सेवियों ने महाविद्यालय परिसर में उग आई अनावश्यक झाड़ियां, घास व प्लास्टिक कचरा एकत्रित किया गया। कॉलेज के रास्ते पर बरसात के कारण बड़ी हुए झाड़ियों को साफ किया गया। इसके पश्चात महाविद्यालय में स्वच्छता शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। प्राचार्य पुष्पेश पांडे ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा का दायित्व हम सभी का है, पर्यावरण प्रदूषण के चलते आज मानव जीवन गम्भीर खतरे में पड़ गया है, यदि पर्यावरण के प्रति हम नहीं चेते तो इसका भयंकर परिणाम हम व हमारी पीढ़ियों को भुगतना होगा। हमारे युवाओं इस जिम्मेदारी को समझें और पर्यावरण सुरक्षा को गम्भीरता से लें।इसके पश्चात प्राचार्य ने महाविद्यालय परिवार को स्वच्छता शपथ दिलाई। स्वच्छता शपथ कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स, स्वयं सेवी, महाविधालय के अन्य छात्र, छात्राएं, प्राध्यापकण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। स्वच्छता कार्यक्रम एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी कमला देवी, एनसीसी लेफ्टिनेंट डॉ शंकर कुमार व डॉ सी.एस. पंत के निर्देशन में संचालित किया गया।



# महिला से चैन छीनने झपटने के मामले की रपट दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बीते दिनों नैनीताल मार्ग में पीएसी पैट्रोल पम्प पर बाईक सवार दो अज्ञात बदमाशों द्वारा महिला के गले से चैन झपटने के मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में प्रभु दयाल पुत्र रामाशंकर वर्मा निवासी दरिया नगर ने कहा है कि 25 सितम्बर की रात्रि वह अपने पिता रामाशंकर वर्मा को स्वास्थ्य खराब होने के कारण जवाहर लाल नेहरू अस्पताल रूद्रपुर में भर्ती कराया था। जहां से वह अपनी माता दुर्गावती को घर छोड़ने जा रहा था। तभी पीएसी पेट्रोल के पास सीएनसी गैस भरवाने के लिए पेट्रोल पंप के पास उसने अपनी माता को उतार दिया तथा वाहन में सीएनजी गैस भरवाने लगा। इसी दौरान दो अज्ञात बाईक सवार व्यक्ति अचानक में आये और माता के गले से सोने की चैन छीनकर वहां से भाग गये। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




# तहसील कर्मियों पर मिलीभगत करने का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बसंत गार्डन किशनपुर किच्छा निवासी भजन सिंह पुत्र नानक चन्द ने तहसीलदार को सौंपे ज्ञापन में तहसील के कुछ कर्मियों पर एक व्यक्ति से मिलीभगत करने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि तहसील के कुछ कर्मियों ने नक्शे के विरूद्ध जाकर फेरबदल किया है। सूचना का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत मांगी गई सूचना वर्ष 2020 के तहत सीमांकन किया गया है। उसमें भी नियम विरूद्ध जांच की गई। कर्मियों द्वारा टालामटोली कर बड़े अधिकारियों को गुमराह किया गया है। मामला कोर्ट में विचाराधीन है। भजन सिंह का कहना है कि उसे वर्तमान नक्शे की आवश्यकता है।

## पेज एक का शेष...

**हेलमेट पहनाकर...**नरेंद्र कुमार आर्य, सीपीयू इंचार्ज राकेश बिष्ट, टीएसआई धनपाल तनवार, एसआई दिनेश चंद्र उप्रेती, कैलाश सिंह,नंदन गोस्वामी, योगेश चन्द्र,रवि कुमार, आंनद सिंह, रविन्द्र, शहनाज खान, राकेश कुमार,विनोद थापा आदि मौजूद थे।

**जिला जज ने ...**हेमन्त सिंह राणा, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिवाकर पाण्डे, सचिव सर्वेश कुमार सिंह, सिविल जज सीनियर डिवीजन नदीम अहमद, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम विवेक राणा, सिविल जज रिजवान अंसारी एवम अन्य न्यायिक अधिकारीगण के साथ एडवोकेट शिव कुंवर सिंह, मो. मिराज व न्यायिक कर्मचारीयो, पैनल अधिवक्तागण व पीएलवी तथा नगर निगम के कर्मचारियों ने भी प्रतिभाग किया।

**ऋषिकेश में निकाली..**पर मूल और स्थाई निवासी का सर्वेक्षण होना जरूरी है। कहा कि उत्तराखंड की जनता जल्द ही नहीं जागी तो भविष्य में प्रदेश दयनीय स्थिति में पहुंच सकता है। इसके लिए हम सबको मिलकर आवाज उठानी होगी। बता दें कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एलान किया है कि उनकी सरकार वृहद भू-कानून लाने जा रही है। अगले साल बजट सत्र में कानून का प्रस्ताव लाया जाएगा। लेकिन समिति जल्द से जल्द भू कानून को लागू करने की मांग कर रही है।

**मसूरी घूमने...**साहिल गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे एंबुलेंस से दून अस्पताल भिजवाया गया। पुलिस का कहना है कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। लेकिन प्राथमिक जांच में सामने आया कि मौसम खराब होने के कारण उनकी कार खाई में गिरी।

# ट्रांजिट कैम्प में विशाल भगवती जागरण व भंडारा तीन अक्टूबर को

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पावन नवरात्र के अवसर पर ट्रांजिट कैम्प गोल मढ़ैया में आगामी 3 अक्टूबर को विशाल जागरण व भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम आयोजक व भाजपा उत्तरी मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक शिव अरोरा, विशिष्ठ अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता व भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा होंगे। उन्होंने बताया कि भगवती जागरण में भजन गायक कलाकार रूद्रपुर के अमन सांवरिया, बबलू मस्ताना व हल्द्वानी की नीलम गंगोलिया सहित कई कलाकार मां की महिमा का गुणगान करेंगे। उन्होंने बताया कि विशाल जागरण 3 अक्टूबर को रात्रि 8 बजे प्रारम्भ होगा। जिसका समापन 4 अक्टूबर को प्रात: आरती व प्रसाद वितरण के साथ किया जायेगा। तत्पश्चात 10 बजे से विशाल भंडारा प्रारम्भ होगा। श्री गुप्ता ने बताया कि भगवती जागरण में अखण्ड ज्योति, भव्य दरवार, माता का ऋंगार, फूलों की होली, आकर्षक झांकियां आकर्षण का केन्द्र रहेंगी। उन्होंने सभी धर्मप्रेमी जनता से आयोजित भगवती जागरण व विशाल भंडारा में सपरिवार शामिल होने की अपील की। कार्यक्रम की तैयारियों में शिव कुमार गंगवार, कैलाश राठौर, मुकेश रस्तोगी, डीके गंगवार, मदन दिवाकर, आनन्द सागर, राजेन्द्र राठौर, राकेश लौधी, दीपक दिवाकर, हीरालाल गंगवार, गिरीश राठौर, चन्द्रपाल गंगवार व जगमोहन गुप्ता आदि जुटे हुए हैं।

# फुटबॉल टूर्नामेंट मे रामबाग दिनेशपुर ने जीता मैच

शक्तिफार्म। देवनगर में आयोजित शिवा शक्ति फुटबॉल टूर्नामेंट मे रामबाग दिनेशपुर ने ट्रांजीट कैंप रूद्रपुर को 1-0 से पराजित कर उद्घाटन मैच जीत लिया। मुख्य अतिथि सितारगंज. ब्लॉक प्रमुख पति पलविंदर सिंह ने टूर्नामेंट का उद्घाटन किया।देवनगर में आयोजित शिवा शक्ति फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच रामबाग -दिनेशपुर व ट्रांजिट कैंप -रूद्रपुर के बीच खेला गया। मैच के पहले हाफ मे दोनों टीम में कोई गोल नहीं कर सकी। दूसरे हाफ के 13वें मिनट में रामबाग के आक्रामक खिलाड़ी बृजेश ने ट्रांजिट कैंप पर गोल-दागकर टीम को 1-0 से बढ़त दिला दी। जिसके बाद रामबाग दिनेशपुर में उद्घाटन मैच जीत लिया। बृजेश को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# सुंदरखाल में ग्रामीणों का डोर टू डोर सर्वे करने के निर्देश

## डीएम वंदना ने रामनगर में आपदा प्रभावित सुंदरखाल, निर्माणाधीन गौशाला, बंबाघेर एवं रामनगर बाजार का निरीक्षण किया

नैनीताल(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना सिंह ने शनिवार को रामनगर स्थित आपदा प्रभावित सुंदरखाल क्षेत्र, रामनगर में निर्माणाधीन गौशाला, नगर पालिका वार्ड 5 ,बंबाघेर एवं रामनगर बाजार का निरीक्षण किया। बीते दिनों सुंदरखाल में दैवीय आपदा से काफी अभी उच्चतम न्यायालय में चल रहा है, निर्णय आने से पर ही आगे निर्णय लिए जाएंगे परंतु वर्तमान में सुन्दरखाल की वास्तविक स्थिति का परिवारों आदि का सर्वे कर पूरी जानकारी लेने से भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा और नीति निर्धारण में आसानी जर्जर उच्च प्राथमिक विद्यालय को वैकल्पिक भवन में शिफ्ट करने के निर्देश दिए। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से वन विभाग को पब्लिक स्कूल में जर्जर भवन का सर्वे कर डी पी आर तैयार करने को कहा जिससे भवन को सुदृढ़ कर कक्षाएं संचालित की जा सके। शिक्षा विभाग को डी एम को विद्युत् प्रभावित ग्रामीण इलाकों का सर्वे कर उरेडा के माध्यम से सोलर लाइट आदि की व्यवस्था कराने को कहा। इसके बाद उन्होंने पुछड़ी में 1 करोड़ 46 लाख की लागत से निर्माणाधीन गौशाला, भूसा स्टोर आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्य में हो रही की वजह से आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिस पर जिलाधिकारी ने ईओ रामनगर को बाजार क्षेत्र में वेडिंग जोन निर्धारित करने को कहा। जिससे जगह जगह पर हो रहे अतिक्रमण पर काबू किया जा सके। साथ ही जिन इलाकों में अतिक्रमण हो रहा है उन जगहों डामरीकरण की शिकायत मिली। जिस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार को सिचाई विभाग के अधिकारियों के साथ सड़क के सेम्पल लेकर जाँच के निर्देश दिए। स्थानीय लोगों ने लखनपुर से कोसी बैराज को खोलने की बात रखी जिस पर डीएम ने ई ओ को फुटपाथ चिन्हित करते हुये पिलर लगाकर







नुकसान हुआ था। स्थानीय ग्रामीण लंबे समय से नियमितीकरण, विस्थापन आदि मांगों को लेकर प्रयासरत है। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर वन विभाग और राजस्व विभाग को सुन्दरखाल क्षेत्र का वास्तविक जनसंख्या, परिवारों की स्थिति आदि हेतु डोर टू डोर सर्वे, आरंभ करने के निर्देश दिए। जिस पर ग्रामीणों ने अपनी सहमति व्यक्त की। जिलाधिकारी ने बताया कि सुन्दरखाल क्षेत्र का मामला होगी ।ग्रामीणों ने बताया कि स्कूली बच्चों को स्कूल से आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ता हैं। जिस पर जिलाधिकारी ने स्कूली बच्चों के आवाजाही के लिए स्कूल बस की व्यवस्था हेतु प्रयास करने साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से बस के बेहतर संचालन के लिए समिति बनाने की बात कही, जिससे बस का फ्यूल, ड्राइवर का मानदेय और मेंटेनेंस सही प्रकार से हो सके। साथ ही उन्होंने कोसी नदी के समीप प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक की तैनाती के निर्देश दिए । कोसी नदी के आस पास निरीक्षण के दौरान उन्होंने आबादी की सुरक्षा को देखते हुए चेनेलाईजेशन, चेक डाम, सुरक्षा जाल आदि की व्यवस्था हेतु वन विभाग को डीपीआर प्रस्तुत करने को कहा। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि कई इलाकों में बिजली नहीं होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिस पर जिलाधिकारी ने रामनगर एस देरी, लापरवाही पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कार्यदाही संस्था को दो टीम बनाकर गोशाला , भूसा स्टोर और चाहर दीवारी के कार्य को साथ साथ करने के निर्देश दिए। तत्पश्चात देर शाम उन्होंने रामनगर क्षेत्र के वार्ड नंबर 5 और बाजार का निरीक्षण और लोगों को समस्या को सुना और संबन्धित अधिकरियो को निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान लोगों ने बताया कि बाजार में फड़ ठेले आदि का सर्वे करने की बात कही। लोगों ने बताया कि खाली भूखंड, पुराने भवनों, पार्कों आदि नशेडियो का अड्डा बनते जा रहा है। जिस पर जिलाधिकारी ने पुलिस प्रशासन, एसडीएम आदि को सयुंक्त रूप से छापेमारी और नशे के खिलाफ समय समय पर जागरूकता अभियान चलाने की बात कही। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को रेलवे क्रासिंग के पास लोनिवि की शिवलालपुर रियूनिया सड़क के बेरिकाडिंग कर पैदल चलने वालों के लिए जगह मार्क करने की बात कही। ई ओ ने कल से अस्थाई कार्य को शुरू कर दस दिन के भीतर पूरी करने का आश्वासन दिया। अस्थाई व्यवस्था होते ही मार्ग आवाजाही के लिए खोल दिया जाएगा। इस दौरान एसडीएम राहुल साह, डीएफओ दिगंत नायक , ईई लोनिवि रवींद्र, ए आर टी ओ संदीप वर्मा, तहसीलदार कुलदीप पांडेय समेत अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# नत्थूलाल गुप्ता की माता के निधन पर कोश्यारी ने जताया शोक

## रम्पुरा स्थित आवास पर पहुंचकर गुप्ता परिवार को ढांढस बंधाया

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व वाईस चेयरमैन नत्थूलाल गुप्ता की 88 वर्षीय माता श्रीमती हरदेवी जी के निधन की खबर पर महाराष्ट्र के पूर्व महामहिम राज्यपाल एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने उनके रम्पुरा स्थित आवास पर पहुंचकर गुप्ता परिवार को ढांढस बंधाया और शोक संवेदनाएं व्यक्त की। इस मौके पर पूर्व महामहिम राज्यपाल श्री भगत सिंह कोश्यारी ने दुख प्रकट करते हुए कहा कि माँ की वात्सल्य भरी छाँव का हट जाना अपूरणीय क्षति है जिसको कभी भी पूरा नहीं किया जा सकता है।इस मौके पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, भाजयुमो नेता दीपेंद्र कोश्यारी,पूर्व मंडल महामंत्री शैलेंद्र कोली,विपिन शर्मा बिट्टू,मंडल उपाध्यक्ष सुरेश शर्मा,समाज सेवी ललित विष्ट, पूर्व नगर अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा डॉ महेश कोली, एडवोकेट महावीर सिंह कश्यप,राजेश जिला कार्यकारिणी सदस्य हिम्मतराम कोली,व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव गुप्ता,कमलदीप सोनकर,मनोज श्रीवास्तव,पूर्व जिला महामंत्री अनुसूचित मोर्चा संतोष दिवाकर,नारायण सैनी ,शिवकुमार श्रीवास्तव,शिवकरण कोली, निवर्तमान पार्षद बिट्टू मिश्रा, राजकुमार शर्मा,राजेंद्र चंद्रा, सुभाष गुप्ता,विजय गुप्ता,अजय गुप्ता,सतीश श्रीवास्तव, नरपत कोली, सुभाष कोली,नरेंद्र कोली,दिनेश कोली, दिवाकर कोली, पवन कोली,रवि कोली, वीरपाल कोली,महेश श्रीवास्तव, संदीप,भजन लाल हर्बंश कोली,



गुप्ता बंटी,विनोद वर्मा,किसान मोर्चा के नगर अध्यक्ष भीमसेन गुप्ता,पूर्व अध्यक्ष किसान मोर्चा डालचंद राजपूत डल्लू,पूर्व गुप्ता,कल्लूराम गुप्ता,रामौतार गुप्ता,जगदीश श्रीवास्तव,मानसिंह श्रीवास्तव,डॉ0 राजेंद्र दिवाकर,डॉ0 राजू इकबाल सिंह,शानू भाई,संजय सिंह, राकेश दिवाकर,नरेंद्र सोलंकी, विनोद रस्तोगी,सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# दो दिन में काटे 186 वाहनों के चालान, 22 को किया सीज

नैनीताल(उद संवाददाता)। सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन एवं सड़क सुरक्षा हल्द्वानी सम्भाग डा. गुरदेव सिंह ने बताया कि कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत व जिलाधिकारी वंदना सिंह के निर्देशों के अनुपालन में अनाधिकृत एवं नियम विरुद्ध संचालन करने वाले वाहनों के विरुद्ध जनपद नैनीताल में चौकिंग अभियान संचालित किया गया। जिसमें 04 प्रवर्तन दलों के द्वारा 02 दिनों में 186 वाहनों के चालान किये तथा 22 वाहनों को सीज किया गया। चालान वाहनों में ट्रक, बस, ऑटो, टैक्सी / मैक्सी, टैक्सी बाईक आदि सम्मिलित हैं। चौकिंग अभियान हल्द्वानी, नैनीताल, रुद्रपुर, किच्छा मार्ग पर संचालित किया गया।चौकिंग अभियान के अन्तर्गत बिना परमिट, बिना फिटनेस,



बिना डीएल, बिना बीमा, बिना कर, सीट बेल्ट नहीं लगाने, हेलमेट नहीं पहनने, नो पार्किंग आदि अभियोगों में प्रवर्तन कार्यवाही की गयी। चालान वाहनों में 48 नो पार्किंग के अभियोग में किये गये। चौकिंग अभियान में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी जितेन्द्र, परिवहन कर अधिकारी, गुरुमुख सिंह, गोविन्द सिंह, प्रमोद कर्नाटक, परिवहन उप निरीक्षक आरसी पवार, देव सिंह, गिरीश काण्डपाल आदि रहे।

# डीजीपी ने पुलिसकर्मियों व उनके परिजनोंके जानी समस्याएं

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस महानिदेशक, उत्तराखण्ड अभिनव कुमार द्वारा 31 पीएसी तथा 46पीएसी आईआरबी प्रथम का सम्मेलन लेकर पुलिस कर्मियों व उनके परिजनों की समस्याएं जानकर संबंधित को उनका समाधान करने के निर्देश दिए। अभिनव कुमार पुलिस महानिदेशक, उत्तराखण्ड द्वारा सर्वप्रथम 31वी वाहिनी पीएसी प्रशासनिक परिसर में गार्द की सलामी ली गयी। तत्पश्चात् वाहिनी सभागार में श्रीमती प्रीति प्रियदर्शिनी, सेनानायक 31 वी वाहिनी पीएसी द्वारा पुलिस महानिदेशक को पुष्पगुच्छ देकर अभिनन्दन किया गया। तत्पश्चात डीजीपी द्वारा 31पीएसी, 46पीएसी एवं आईआरबी प्रथम के अधिकारी/ कर्मचारियों एवं 31 पीएसी मेंप्रचलित हेकानि (वरिष्ठता) पदोन्नति प्रशिक्षण में आये कर्मचारियों का सम्मेलन लिया गया और उनकी व्यक्तिगत/पारिवारिक समस्याओं को सुनते हुए उनके निदान हेतु आश्वासन देते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ताकि समस्यों का समाधान समय पर किया जा सके। सम्मेलन के अंत में डीजीपी द्वारा अपने सम्बोधन में कहा गया कि पीएसी एक अनुशासित बल है जिसे हमेशा विषम आपात स्थिति के लिये तैयार रहना पडता है। इसके अतिरिक्त सेनानायकों को जवानों में बेहतर अनुशासन बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर डॉ योगेन्द्र सिंह रावत, उपमहानिरीक्षक कुमायूं परिक्षेत्र, श्रीमती बीति प्रियदर्शिनी, सेनानायक 31 वी वाहिनी पीएसी, डॉ0 पंकज भट्ट, सेनानायक 46वी वाहिनी पीएसी, रामचन्द्र राजगुरु, सेनानायक आईआरबी प्रथम, डॉ उत्तम सिंह नेगी, वीर सिंह, बिमल कमार आचार्य, श्रीमती मनीषा जोशी उपसेनानायक आदि मौजूद थे।




